डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
25 नवंबर 2024
सोमवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

## सियासी सरगर्मियों के बीच संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, आक्रामक हुआ सत्तापक्ष

### नतीजों के बाद कांग्रेस पर हमलावर पीएम मोदी

# जिन्हें 80 बार जनता ने नकारा, वे मुट्ठी भर लोग संसद को कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं...

**नईदिल्ली.एजेंसी**

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। हाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी को देखते हुए यह सत्र चर्चा व पक्ष विपक्ष के तेवरों से गर्मागर्म रह सकता है। इसके संकेत भी मिले हैं क्योंकि महाराष्ट्र में बंपर जीत से सत्तारूढ़ भाजपा खेमा काफी आक्रामक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सत्र शुरूआत के ठीक पहले कहा- जिन्हें जनता 80 बार नकार चुकी है, वो संसद का काम रोकते हैं। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए



संसद को कंट्रोल करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने कहा दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए, जिनको जनता ने अस्वीकार किया है, वे संसद को भी, मुट्ठीभर लोगों की हुड़दंग बाजी से कंट्रोल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो संसद की गतिविधि रोकने से ज्यादा सफल नहीं होता और देश की जनता उनके सारे व्यवहारों को देखती है और जब समय आता है, तब सजा भी देती है। मोदी ने कहा कि सबसे ज्यादा पीड़ा की बात ये है कि जो नए सांसद नए विचार और नई ऊर्जा लेकर आते हैं, उनके अधिकारों को कुछ लोग दबोच देते हैं। सदन में उनको बोलने का अवसर नहीं मिलता।% अब संविधान सदन में सब मिलकर के इस संविधान के



75वें वर्ष के उत्सव की मिलकर शुरुआत करेंगे। संविधान निर्माताओं ने संविधान निर्माण करते समय एक-एक बिंदू पर बहुत विस्तार से बहस की है, तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। इसकी महत्वपूर्ण ईकाई हमारी संसद ही है।

**सत्र में कई विधेयक:** संसद का यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान पांच नए विधेयक पेश होंगे। जबकि वक्फ समेत 11 अन्य विधेयकों को चर्चा के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यानी कुल 16 विधेयक होंगे, जिन्हें सरकार इस सत्र में पारित करवाने की तैयारी में है। विपक्षी पार्टियों के जिस तरह के तेवर हैं, उससे साफ है कि शीतसत्र हंगामेदार रह सकता है। कार्यसूची 16 विधेयक शामिल किए गए हैं, उनमें पांच नए हैं। बाकी 11 बिल ऐसे हैं जो पहले से ही लोकसभा या राज्यसभा में पेंडिंग हैं। नए विधेयकों में सहकारिता विश्वविद्यालय से जुड़ा विधेयक है तो वक्फ बिल और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक भी है। सत्र के दौरान अनुदान की पूरक मांगों के पहले चर्चा होगी।

### संसद में हंगामा, कार्रवाई स्थगित

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में सबसे पहले दिवंगत सांसदों को श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने संभल हिंसा पर चर्चा की डिमांड की उधर राज्यसभा में अडाणी मामले पर हंगामा हो गया। हंगामे के चलते शुरूआत के कुछ ही देर बाद लोकसभा को कुछ देर के लिये स्थगित करना पड़ा। वहीं, राज्यसभा को भी 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

## बाजार का नतीजों को सलाम सेंसेक्स 1300 अंक उछला

### सरकारी कंपनियों के शेयर में भी तूफानी तेजी



**मुंबई.** महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद जैसा कि अनुमान था, वैसा ही शेयर बाजार में हुआ है। बीजेपी की महाजीत का बड़ा महाअसर यह रहा कि आज पहले कारोबारी दिन सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 79,117.11 के लेवल से जोरदार छलांग लगाते हुए 80000 के स्तर को पार करते हुए कारोबार की शुरुआत की, तो वहीं निफ्टी ने भी 24,273 अंक उछलकर कारोबार शुरू किया। इस बीच सरकारी कंपनियों के शेयरों में एक बार फिर तूफानी तेजी देखने को मिली है। जबकि अमेरिकी अदालत के प्रकरण का सामना कर रहे अडाणी ग्रूप को आज शेयरों में राहत मिली और उसके सभी शेयर तूफानी तेजी से बढ़े।

आज सुबह शेयर मार्केट हरे निशान पर शुरुआत की है, कुछ ही मिनटों में सेंसेक्स करीब 1300 अंक उछला गया। तो निफ्टी ने 370 अंक की छलांग लगाकार कारोबार शुरू किया। बाजार में तेजी के संकेत पहले से ही मिल रहे थे, प्री-ओपन सेशन में ही सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा उछलकर कारोबार करता नजर आ रहा था उधर एशियाई बाजारों में जबर्दस्त बढ़त देखने को मिल रही थी और जापान निकेई से लेकर कास्पी इंडेक्स तक ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा था, तो वहीं गिफ्ट निफ्टी ताबड़तोड़ 500 अंक तक उछल गया था। इससे पहले बीते शुक्रवार को महाराष्ट्र नतीजों से ऐन पहले सेंसेक्स 2000 अंक, जबकि निफ्टी 600 अंक तक उछल गया था।

**अडानी के सभी 10 शेयर भागे:** बीते सप्ताह अमेरिकी न्याय विभाग और एसईसी के कथित रिश्वतखोरी के आरोपों के चलते भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनियों के शेयरों पर बुरा असर देखने को मिली था. लेकिन आज बाजी बिल्कुल ही पलटी हुई नजर आई और शेयर बाजार में लिस्ट गौतम अडानी की सभी कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी रही। फ्लैगशिप कंपनी का शेयर 2.12 फीसदी उछल गया। जबकि एनर्जी साल्यूशन 4.71 फीसदी की तेजी लेकर कारोबार रहा था।

## महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी विचार

**नई दिल्ली/ मुंबई. एजेंसी**



महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आने के बाद अब कल तक सरकार का गठन व शपथ जरूरी है। वरना राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ जाएगी। इसलिए सियासी गतिविधि तेज हैं। भाजपा-महायुति आज नाम का ऐलान कर सकती है। अभी 1 मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी सीएम फॉर्मूले पर सहमति की कोशिश हो रही है। महायुति की पार्टियों में हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला भी फाइनल हुआ है। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिंदे गुट के10-12 और अजित गुट के 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। इसके साथ ही फडणवीस को पहले ढाई साल और एकनाथ शिंदे को अगले ढाई साल के लिये सीएम बनाने का विकल्प भी रखा गया है। उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस्तीफे की पेशकश की है। हालांकि, पार्टी ने उन्हें फिलहाल पद पर बने रहने के लिए कहा है। चुनाव में पटोले ने ही टिकट बांटी थीं और पार्टी महज 16 सीटें जीत सकी वोट शेयर भी 16.1 फीसदी था, जो अब घटकर 12.42 फीसदी रह गया है।

### भतीजे से बोले अजित-तू बच गया, मैं रैली करता तो...

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अजित पवार के भतीजे रोहित पवार कर्जत जामखेड सीट से हारते-हारते जीत गए. इस बीच जब रोहित ने चाचा अजित पवार से मुलाकात की तो उनके पैर छू लिए। मगर मुलाकात के दौरान अजित पवार ने रोहित से कहा कि कम मार्जिन से बच गया तू, अगर तुम्हारे चुनाव क्षेत्र में मेरी रैली होती तो कुछ भी हो सकता था। अजित पवार की इस बात पर रोहित ने कहा कि हां अगर रैली करते तो चीजें अलग हो सकती थी। अजित बोले वे बारामती में व्यस्त थे इस वजह से वह नहीं आ पाए। रोहित ने कहा कि बड़ों के पैर छूना हमारी संस्कृति में है, वे हमारे चाचा हैं और बीते चुनाव में मेरी मदद की थी। वह पिता की तरह हैं। ज्ञात हो कि पवार केवल 1,243 वोटों से जीते हैं।

## मुख्यमंत्री पहुंचे लंदन, वहां से चलेगी सरकार !



**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव आज लंदन में है और अगले 6 दिन तक वे यूके और जर्मनी के शहरों में रहेंगे। मप्र में निवेश लाने के लिए विदेशी जमीन पर संभावनाएं तलाशेंगे वहीं से सरकार भी चलाएंगे। इसलिए तब तक चुनाव हारे वन मंत्री रामनिवास रावत भी मंत्री पद पर बने रहेंगे। सीएम के विदेश से लौटने के बाद ही उनका इस्तीफा मंजूर होगा। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मप्र के कामकाज पर भी नजर रखेंगे। वे मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य अधिकारियों से फीडबैक लेते रहेंगे। इससे पहले यादव लंदन पहुंचे। वह सबसे पहले ब्रिटिश संसद गए। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आदरांजलि समर्पित की। फिर निवेश को लेकर मंथन शुरू किया। उन्होंने मप्र सरकार द्वारा सेंट जेम्स कोर्ट, ताज होटल, एडवार्डियन में आयोजित भोज की मेजबानी की। दोपहर भोज में ब्रिटिश सांसद बैरोनेस वर्मा, अशोक वर्मा, लॉर्ड कुलवीर सिंह, बॉब ब्लैकमैन और वीरेंद्र शर्मा व अन्य ब्रिटिश प्रतिनिधि के साथ शामिल हुए। सीएम शाम को बेडफोर्ड-वे, लंदन स्थित रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा करेंगे। लंदन में पदस्थ उच्चाधिकारियों और प्रवासी भारतीयों ने किया उनका आत्मीय स्वागत भी किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में फरवरी 2025 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की जा रही है। इसके लिए विश्व के प्रमुख देशों के उद्योगपतियों को निमंत्रण भी दिया जा रहा है।

## पाकिस्तान में शिया-सुन्नी हिंसा में डेढ़ सौ मौत



**नईदिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान में शिया-सुन्नी संप्रदाय के बीच लंबे समय से जारी हिंसा में अब तक 150 लोगों की मौत हो चुकी है। कल भडकी हिंसा में ही 21 लोग मारे गए, जिसके बाद अब सीजफायर करने का फैसला लिया गया। इस भीषण हिंसा के बाद दोनों संप्रदायों के बीच एक बैठक हुई और तय हुआ कि शिया और सुन्नी संप्रदाय के लोग अगले 7 दिनों तक सीजफायर का पालन करेंगे। ये हिंसा पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जनजातीय जिले में हुई है। यहां हिंसा 21 नवंबर को शुरू हुई थी। उस दिन जब शिया समुदाय का काफिला गुजर रहा था, तो घात लगाकर हमला किया गया तब 42 मौत हुई. इसके बाद शिया समुदाय ने जवाबी हमला किया और हिंसा बढ़ती चल गई।




## अमिताभ ने बेटे को लिखा- लोग जो कहते हैं कहने दो..

**मुंबई. एजेंसी**



अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर बेटे अभिषेक बच्चन को संबोधित करते हुए कुछ ऐसी बाते कहीं है जो चर्चा में हैं।

दरअसल हाल में अभिषक की फिल्म 'आई वांट टू टॉक' रिलीज हुई है, जिसने कमाई बहुत कम की लेकिन प्रशंसा खूब बटोरी है। अमिताभ ने लिखा कि कुछ फिल्में आपको मनोरंजन के लिए आती हैं.. कुछ फिल्में आपको फिल्म बनाने के लिए आमंत्रित करती हैं। अभिषेक आप सिर्फ अभिषेक नहीं हैं बल्कि इस फिल्म के अर्जुन सेन हैं इसलिये वे जो कहते हैं उन्हें कहने दें। अमिताभ ने अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की लाइन को दोहराते हुए लिखा अच्छे ने अच्छा और, बुरे ने बुरा जाना मुझे, जिसकी जितनी जरूरत थी, उसने उतना ही पहचाना मुझे।

## 24 साल बाद रूटीन बदल गया चंद्रचूड़ का

**नईदिल्ली.एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ हाल ही रिटायर हुए थे. एक न्यूज़ चैनल के साथ संवाद के दौरान जब उनसे पूछा कि रिटायरमेंट के बाद उनके 15 दिन कैसे रहे तो उन्होंने कहा, साढ़े आठ साल की आदत थी और उससे पहले 24 साल तक मैं जज रहा हूं और इसके अलावा मेरी दुनिया में इसके अलावा कुछ और काम नहीं था. बस सुबह उठकर केस फाइल पढ़ना, कोर्ट जाना, शाम को आकर जजमेंट डिक्टेट करना और रात को अगले दिन की फाइल पढ़ना. उन्होंने आगे कहा, इंसान होने के नाते मैं कह सकता हूं कि यह आसान नहीं है कि अचानक जिंदगी में इस तरह का बदलाव आना. हालांकि, कई बार मैं ऐसा सोचता हूं कि जीवन में मैंने कितनी चीजें आत्मसात कर ली हैं लेकिन कितनी ही चीजें मैंने खोई भी हैं. मैं 24 सालों में अपने परिवार के साथ लंच नहीं कर पाया और कई बार डिनर के वक्त भी मैं अपने ऑफिस में ही रहता था. तो ऐसी कई चीजें हैं, जो मैं अब करना चाहता हूं और कर पा रहा हूं.

## इंदौर की '56 दुकानों' पर विदेशियों के लिए व्यंजन फ्री!

**इंदौर. एजेंसी**




अतिथि सत्कार की परंपरा के तहत शहर में आज से 29 नवंबर तक आयोजित अंतरराष्टीय स्तर की यूरेशियन समूह की 41वीं ईएजी बैठक में शामिल होने वाले सभी अतिथियों के लिए छप्पन दुकान पर सभी पकवान निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। अतिथियों के साथ ही जिला प्रशासन से भी इसका कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्हें जिस दुकान पर जो पकवान पसंद आएगा, वे उसे खा सकेंगे। व्यापारी भी छप्पन की प्रसिद्ध पानी पुरी, दही पुरी, मक्का की रोटी व सरसों की साग, हाट डॉग, शिकंजी, रसमलाई, पेटिस, कुल्फी आदि का स्वाद लेने की मनुहार करेंगे। अतिथि स्वागत के लिए छप्पन दुकान पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सभी दुकानों पर कर्मचारियों के लिए यूनिफार्म पहनना अनिवार्य रहेगा। कर्मचारी एप्रिन और हैंड ग्लब्स पहने रहेंगे।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। सत्संग समिति के तरफ से ठाकुर अनुकूल का 137जन्म उत्सव छत्तीसगढ़ सस्कृति मंडल में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें दूर-दूर से गुरु भाईयों का आगमन हुआ है. इसमें विधान विश्वास. प्रोबिन शिंग, अश्विनी दादाश्री दासदादा, चम्पा बिस्वासं, शर्मिला पाल ने अपना योगदान दिया।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। धनमंत्री पार्क में मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज नगर समिति द्वारा बनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। सेकंड स्टांप स्थित कुशवाहा समाज भवन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

# मेट्रो की ब्लू लाइन से फिर उलझेगा शहर का ट्रैफिक

## 2027 में ऑरेंज के साथ ब्लू लाइन के करीब 32 किलोमीटर के नेटवर्क को पूरा करना है

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत भदभदा से रत्नागिरी तक करीब 14 किमी की ब्ल्यू लाइन का काम शुरू किया जा रहा है। एमडी मेट्रो रेल कारपोरेशन ने शनिवार को इसका निरीक्षण भी किया। 1121 करोड़ रुपए में इसका निर्माण करने एजेंसी तय कर दी गई है। अब स्थिति ये है कि प्रोजेक्ट की पहली लाइन एस से करोंद की वजह से पुराने शहर का पूरा ट्रैफिक डिस्टर्ब है। अब कॉरिडोर की दूसरी ब्ल्यू लाइन का काम शुरू होगा और इससे नए शहर से लेकर गोविंदपुरा तक जाम और ट्रैफिक डिस्टर्ब होने की स्थिति बनेगी। पिछले माह भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म 6 नंबर की तरफ मेट्रों लाइन के लिए डायवर्सन किया गया था। इस दौरान अल्पना तिराहा से भोपाल टॉकीज तक ट्रैफिक जाम के हालत बने थे।



**यार्ड की ये खूबियां:** वंदे भारत ट्रेन को तैयार करने के लिए डेडीकेटेड सफाई कर्मियों एवं तकनीशियनों का दल मौजूद रहेगा। आइसीएफ कोच जो बाकी ट्रेनों में लग रहे हैं उनके मेंटेनेंस के लिए तकनीशियन मौजूद रहेंगे। रेलवे के दो एकड़ एरिया में ये कोचिंग मेंटेनेंस यार्ड बनेगा जिसमें वॉटर रिसाइकल प्लांट भी रहेगा। दो ट्रेनों के रैक इस यार्ड में एक साथ एंट्री कर तैयार किए जा सकेंगे।

### हबीबगंज कोचिंग डिपो के पास बनेगा वंदे भारत का मेंटेनेंस यार्ड

**भोपाल।** हबीबगंज कोचिंग डिपो के अलावा भोपाल रेल मंडल एक आधुनिक मेंटेनेंस यार्ड तैयार कर रहा है। भोपाल एवं रानी कमलापति स्टेशन पर आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का मेंटेनेंस इस यार्ड में किया जा सकेगा। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रानी कमलापति प्लेटफार्म पर यात्रियों के उतरने के बाद मेंटेनेंस यार्ड में लाया जाएगा। अति आधुनिक मशीनों से आधे घंटे के अंदर पूरा रैक तैयार कर दोबारा वापसी के लिए तैयार हो जाएगा। रेलवे बैरागढ़ में 100 करोड़ रुपए की लागत से एक अन्य वृहद कोचिंग हब भी तैयार करने जा रहा है।

# ठंड का असर: भगवान को ओढ़ाए गर्म वस्त्र, आरती का समय बदला

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



ठंड का पहला महीना ही राजधानीवासियों के लिये असहनीय हो रहा है। बीते हफ्तेभर से ठंड ने तीखे तेवर अख्तयार कियेहुए हैं। भोपाल शहर में शीत लहर जैसे हालात हैं। लिहाजा आम लोगों ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों को पहनना शुरू कर दिया है। टोपियो व शाल भी नजर आ रही हैं वहीं बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए अलग-अलग मंदिर समितियों व ट्रस्टों के पदाधिकारियों ने भी भगवान श्रीराम, मां दुर्गा, श्रीराधा-कृष्ण, गणेश जी सहित सभी भगवानों को गर्म वस्त्र शाल ओढ़ाना शुरू कर दिया है। ठंड के चलते भगवान को गर्म खाद्य पदार्थ खजूर, गुड़ सहित अन्य पदार्थों का भोग लगाया जा रहा है। यदि गामी दिनों में अधिक ठंड बढ़ती है तो मंदिरों के गर्भगृह में हीटर लगाए जाएंगे। शहर के कुछ प्रसिध्द मंदिर ट्रस्ट के पदधिकारियों का कहना है कि जब हम लोगों को ठंड लगती है तो इसी भाव से भगवान को गर्म कपड़े धारण कराए जाते हैं कि उन्हें भी ठंड लगती है। इसी के चलते मंदिरों में देव प्रतिमाओं को शाल ओढ़ाई गई हैं। गर्म कपड़े भी धारण कराए जा रहे हैं। सुबह आरती का समय भी बदला जा रहा है। सुबह सात व आठ की जगह नौ बजे आरती होने लगी है। मंदिर खुलने के समय में भी सुबह 5.30 बजे से 6.30 व सात बजे तक किया जा रहा है। पुराने शहर के लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथ को शाल ओढ़ायी जा रही है। इसी तरह टीन शेड में मां वैष्णो देवी आदर्श दुर्गा मंदिर में मातारानी को शाल ओढ़ाई गई है। भगवान श्रीराम, हनुमानजी प्रतिमाओं को भी शाल धारण कराया गया है। इसी तरह बड़वाले महादेव मंदिर के मुख्य पदाधिकारी संजय अग्रवाल व प्रमोद नेमा का कहना है कि दिसंबर से मंदिर में बाबा श्री बटेश्वर के समक्ष हीटर लगाया जाएगा। भगवान को ऊन से निर्मित वस्त्र धारण कराए जाएंगे। गर्म पदार्थों का भोग भी लगाया जाएगा। वहीं माता मंदिर में मां शीतला देवी को शाल ओढ़ाई गई है। भगवान श्रीराम को भी शाल ओढ़ाई गई है। मंदिर के पुजारी राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर के खुलने व बंद होने के समय भी बदलाव किया गया है।

# निरंजन धाम में दो दिनी सत्संग 28 नवंबर से

**हिरदाराम नगर.** साईंजी आशा जगदीश के जन्मोत्सव पर संतनगर में विशेष सत्संग कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। पहला मौका होगा जब संत श्री दामोदरदास (नागपुर) का सत्संग होगा। निरंजन धाम के सत्संगी कैलाश आसवानी ने बताया कि 28 नवंबर को सुबह 11 से दो बजे तक हरि नाम संकीर्तन होगा। उसके बाद लंगर होगा। शाम को 6 से 8 सत्संग होगा। 29 नवंबर को भी सुबह 11 से दो शाम और 6 से 8 बजे तक सत्संग कीर्तन, लंगर होगा।

# केवी-2 के छात्रों ने जनजातीय संग्रहालय का किया भ्रमण

**भोपाल।** राजधानी स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के सातवीं कक्षा के 170 छात्रों ने शनिवार को अपने अनुरक्षकों के साथ क्षेत्रीय जनजातीय संग्रहालय, भोपाल का दौरा किया। विद्यालय के प्राचार्य पी.के. बेदुये के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारत की विविध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, कला, और समृद्ध धरोहर से परिचित कराया था। छात्रों ने जनजातीय जीवनशैली, रीति-रिवाज, प्राचीन हथियार, हस्तशिल्प, पारंपरिक वेशभूषा और आदिवासी बच्चों के पुराने खेल खिलौनों (इंडिजिनियस टॉयज) को करीब से देखा और समझा। इस अनुभव ने छात्रों को न केवल भारत के आदिवासी



समाज के बारे में अधिक जानने का अवसर दिया, बल्कि उनके संघर्ष और जीवटता को भी सराहा। जनजातीय संग्रहालय में प्रदर्शित अतीत की स्मृतियां और हथियारों को देखकर छात्रों को अपने देश के गौरवशाली और स्वर्णिम इतिहास का आभास हुआ। इस यात्रा ने छात्रों को भारतीय जनजातीय समाज के प्रति नई दृष्टि दी और उन्हें अपनी समृद्ध विरासत के संरक्षण और सम्मान का महत्व समझाया। इस अवसर पर प्राचार्य पी.के. बेदुये ने कहा, ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। ये कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूक करते हैं। इस आयोजन का सफल संचालन कला शिक्षक अशोक वर्मा और सीसीए प्रभारी डॉ. आर. पी. राठौर द्वारा किया गया।

**मेट्रो एंकर** | नवनिध स्कूल के वार्षिक उत्सव 'मंथन' का समापन

# अभिभावक के आचरण का अनुसरण करते हैं बच्चे, व्यवहार में नम्रता रखें पालक: भाऊजी

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव 'मंथन' का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम के अतिथि फिल्म अभिनेता



एवं रंगकर्मी राजीव वर्मा थे। संस्था के प्रमुख सिद्धभाऊ ने कहा कि संत जी के ध्येय के अनुरूप स्थापित विद्यालय में बिटियाएं अध्ययन, खेल एवं संस्कार पाकर जीवन में आगे बढ़ें। भाऊजी ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता के आचरण से प्रभावित होते हैं, इसलिए अभिभावक अपने व्यवहार में नम्रता रखें। वर्मा ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना



परचम लहरा रही हैं, किंतु परिवार को संवारने तथा सुदृढ़ एवं शिक्षित बनाने में उनका विशेष तौर पर अतुलनीय योगदान होता है। बच्चियां अपने इस नैसर्गिक गुण को न खोए एवं अपनी अति-आवश्यक भूमिका को भली-भांति निभाएं। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### प्रतिभा का प्रदर्शन किया

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्राओं ने प्रार्थना नृत्य से शुरुआत करते हुए शास्त्रीय नृत्य, अंग्रेज़ी नाटक, कव्वाली, कथक और फ्लेमेंगो जैसे विविध प्रदर्शन प्रस्तुत किए। हिंदी नाटक युग यात्रा- माधव से मानव तक ने समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया, जबकि मोबाइल के दुष्प्रभावों पर आधारित नृत्य-नाटिका ने जागरूकता फैलाने का काम किया। शास्त्रीय और पाश्चात्य संगीत के मेल ने कार्यक्रम का यादगार बनाया। 'मंथन' में विद्यालय की लगभग 550 छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया।

### यह उपस्थित रहे

कर्नल एन पारवानी, हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सहसचिव केएल रामनानी, सेवासदन आई हॉस्पिटल के प्रबंधक ट्रस्टी ए सी साधवानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी, नवयुवक परिषद के महासचिव थावर वरलानी, समाजसेवी जगदीश खानचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी व अभिभावक एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। समारोह के अंत में उपप्राचार्य रेखा केवलानी ने उपस्थित आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं दिव्या अटनेरिया, जाह्नवी गुरबाणी, नैना गोस्वामी, वैष्णवी साहू, दिशिता खियानी, आस्था सिंह, हर्षिता कृपलानी एवं हिमांशी शेवानी ने किया।



# प्रदेश के नए डीजीपी मकवाना से कांग्रेसियों में भी खुशी की लहर

– आमतौर पर मोहन सरकार की नियुक्तियों को लेकर हमेशा सवाल उठाती रही है कांग्रेस

– नए डीजीपी नियुक्ति होने से पहले मकवाना ने रिश्वत, भ्रष्टाचार व ईमानदारी को लेकर पढ़े थे कसीदे

– जो उनकी नियुक्ति के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर खूब किए जा रहे पसंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मोहन सरकार द्वारा की जाने वाली प्रशासनिक नियुक्तियों पर कांग्रेस और कांग्रेसी हमेशा सवाल उठाते रहे हैं लेकिन डीजीपी के पद पर कैलाश मकवाना की नियुक्ति के पास से कई कांग्रेसी भी मुरीद हो गए हैं। कई कांग्रेस नेता मकवाना की सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर खुली तारीफें कर रहे हैं।



असल में नए डीजीपी मकवानो की रिश्वत, भ्रष्टाचार पर प्रहार और ईमानदारी को बढ़ावा देने से जुड़े व्यवहार ने उन्हें दो दिनों से चर्चा में ला दिया है। मकवाना की लोग ऐसे ही तारीफें नहीं कर रहे, बल्कि उनके कार्य व्यवहार में भी ये बातें दिखाई देती है। असल में मकवाना नें डीजीपी बनने से पूर्व अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर कई पोस्टें की है। जिनमें भ्रष्टाचार, रिश्वत जैसे कारनामों पर खुला प्रहार किया है। ईमानदारी को प्राथमिकता दी है। मकवाना की ये पोस्टें अब प्रशासनिक व राजनीतिक हल्कों में एक-दूसरे से खूब शेयर की जा रही है।

**मकवाना ने ऐसे किया प्रहार:** उन्होंने लिखा था कि रिश्वत अकेली नहीं आती, देने वाले की बद्दुआ, मजबूरियां, दुख, वेदना, क्रोध, तनाव, चिंता भी नोटों में लिपटी रहती हैं। ईमानदार व्यवहार से जुड़ी कई और पोस्टें भी उनकी चर्चा में रही। अक्टूबर 2023 में की गई एक पोस्ट में तो उन्होंने लिखा कि मैंने कुछ ऐसे गरीब भी देखे हैं जिनके पास पैसे के सिवाए और कुछ भी नहीं है। एक और पोस्ट में लिखा कि बुद्धिमत्ता की पुस्तक में पहला अध्याय ईमानदारी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने मकवाना की पोस्ट खुद के एकाउंट से शेयर की है।

**सख्त मिजाजी से झेलने पड़े थे तबादले:** सख्त मिजाज मकवाना को पूर्व के वर्षों में तबादलों पर तबादले झेलने पड़े थे। कमलनाथ और शिवराज सरकार ने 3 साल के भीतर ही मकवाना के 7 तबादला आदेश जारी किए थे। शिवराज सरकार ने मई 2022 में लोकायुक्त महानिदेशक पदस्थ किया था, तब मकवाना ने 6 महीने के भीतर ही भ्रष्टों के खिलाफ ताब?तो? कार्रवाई कर दी थी। हालांकि छह माह के भीतर ही उनका तबादला हो गया। इसके पहले कमलनाथ सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में इनका तीन बार तबादला हुआ।



## 'फॉस्टर केयर लीडिंग टू फोस्टर एडॉप्शन' पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आज

**भोपाल।** केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष नवम्बर माह में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को होटल पलाश में राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम फॉस्टर केयर लीडिंग टू फॉस्टर एडॉप्शन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम फोस्टर केयर पर गए बालकों को फॉस्टर एडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यदि पालक माता-पिता 2 से अधिक वर्ष तक बालक का पालन पोषण कर रहे हैं, ऐसे बालकों को फॉस्टर एडॉप्शन के माध्यम से दत्तक ग्रहण दिया जा सकता है। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे।



प्रथम आने वाली चारों टीमें राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी

# महापौर और आयुक्त लोकशिक्षण ने किया वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैंड स्पर्धा का शुभारंभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता 76वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होगी। जिसके क्रम में वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को भोपाल में हुआ। भोपाल की महापौर मालती राय और आयुक्त लोकशिक्षण शिल्पा गुप्ता ने राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वेस्ट जोन के 6 राज्यों के विजेता प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें 283 बालिकाएं तथा 240 बालक क्रमशः पाइप बैंड एवं ब्रास बैंड में सहभागिता कर रहे हैं। सोमवार को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं 27 नवम्बर को बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। वेस्ट जोन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादर नगर हवेली के प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली चारों टीमें गणतंत्र दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 24 एवं 25 जनवरी 2025 को सहभागिता करेगी।

## सीएम लंदन पहुंचे, विदेशी निवेश के प्रयासों का करेंगे श्रीगणेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीम के साथ 6 दिनी विदेश दौरे के पहले चरण में रविवार को लंदन पहुंच गए। वे मप्र में विदेशी निवेश लाने के प्रयासों का सोमवार से श्रीगणेश करेंगे। शुरुआत ब्रिटिश संसद में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर करेंगे। फिर प्रवासी भारतीयों व फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ निवेश पर मंथन करेंगे। मुंबई में सीएम से महाराष्ट्र कैडर के 'दसवीं फेल' फेम आइपीएस मुरैना निवासी मनोज शर्मा (आइजी) व पत्नी महाराष्ट्र पर्यटन निगम की एमडी श्रद्धा शर्मा ने मुलाकात की।

मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक सहभागिता की जा सकेगी

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव: विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग थीम पर होंगी स्पर्धा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक सहभागिता की जा सकेगी। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जायेगी।

**3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे पीएम:** नेहरू युवा केन्द्र भोपाल की अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना होगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चौलेंज के माध्यम से माय भारत प्लेट?ॉर्म पर किया जाएगा।

**युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और प्रोत्साहित करना:** राष्ट्रीय युवा महोत्सव - विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें ष्विकसित भारत के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके। आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने विदेश रवाना दिए दिशा-निर्देश

# पीपीपी मोड पर सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज व दुग्ध उत्पादन पर बोनस की नीति लाएगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के प्रत्येक जिलों व लोकसभा क्षेत्रों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे और दुग्ध उत्पादन में राष्ट्रीय स्तरीय पर मप्र की हिस्सेदारी बढ़ाकर 20 फीसद की जाएगी। इन दोनों कामों के लिए सरकार नीतियों में बदलाव करेगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को निवास पर बुलाई बैठक में इस बात का संकेत दिया। साथ ही अधिकारियों को नए सिरे से काम करने और दोनों ही प्रमुख कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### अभी मप्र की 9 फीसद हिस्सेदारी

मप्र की दुग्ध उत्पादन में अभी राष्ट्रीय स्तर पर 9 फीसद हिस्सेदारी तो है लेकिन उत्पादित दूध में से 3 फीसद का ही सहकारी दुग्ध संघ संग्रहण, प्रोसेसिंग ओर विपणन कर पा रहे हैं। बाकी का दूध निजी हाथों में है। जिस पर निजी कंपनियां तगड़ा मुनाफा कमा रही है लेकिन किसानों और उपभोक्ताओं को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री ने इन सभी विषयों पर चर्चा की और मौजूदा सहकारी दुग्ध संघों के प्रमुख अधिकारियों को इस दिशा में नए सिरे से जुटने के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक यह मोहन सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं वाले विषय में से एक है, इसमें पिछड़ने वाले अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है।

### 50 मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी में सरकार

प्रदेश में 2003 तक सिर्फ 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। गत 20 वर्ष में 12 नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए और अब एक साथ 12 अन्य मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर प्रारंभ करने की ओर तेजी से ब? चुके हैं। सरकार इनकी संख्या 50 करने जा रही है। कई सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल (पीपीपी मोड) पर खोले जाने हैं। इसके लिए मोहन



सरकार नई नीति लेकर आ रही है, जो आगामी समय में होने वाली कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए लाई जाएगी। उक्त नीति को लेकर मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया। नर्मदापुरम को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जानी है। इसके बाद बाकी के लोकसभा क्षेत्र में उक्त मॉडल पर कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। लेकिन जिन जिलों व लोकसभा क्षेत्रों में पूर्व से मेडिकल कॉलेजों के निर्माण व स्वीकृति की कार्रवाई चल रही है, वह जारी रहेगी।



## संपादकीय

# जलवायु की जिम्मेदारी

जलवायु परिवर्तन वैश्विक मंचों पर चर्चा का अहम मुद्दा होत जरूर है लेकिन इस पर विकसित देशों का रवैया हमेशा समझ से परे होता है। इस मंडराते संकट का दायरा इतना व्यापक और गंभीर है कि विश्व के सभी देश चिंतित हैं और मिल-बैठ कर इसका समाधान निकालना चाहते हैं। इस मकसद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु सम्मेलन होते रहते हैं। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि दशकों से हर वर्ष आयोजित सम्मेलन में ज्यादातर देशों की हिस्सेदारी के बावजूद अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, जिसमें जिम्मेदारियों और जवाबदेहियों के मसले पर एक न्यायपूर्ण दृष्टि अपनाई जाए और उस पर सभी देशों की सहमति बने। नतीजा यह है कि जलवायु संकट पर आयोजित सम्मेलनों के बाद अब तक कोई ठोस प्रारूप सामने नहीं आ सका है। इस मसले की गंभीरता को समझने और स्वीकार करने के बावजूद ज्यादातर देशों के बीच मतभेद और अपनी जवाबदेही से दूर भागने की प्रवृत्ति क्यों बनी हुई है! गौरतलब है कि इस वर्ष अजरबैजान के बाकू में हुए सीओपी-29 में भी विकसित और विकासशील देशों के बीच समस्याओं की गहराई पर विचार में कोई कमी नहीं देखी गई, मगर समाधान के रास्ते और जिम्मेदारियों के स्तर पर सहमति नहीं बनी। बाकू में विकासशील देशों के लिए नए जलवायु वित्त पैकेज का मसविदा तो पेश किया गया, लेकिन उसमें प्रमुख मुद्दे बरकरार रहे। दरअसल, विकसित देश अब भी इस सवाल का जवाब देने से कतरा रहे हैं कि वे 2025 से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर वर्ष कितना वित्तीय सहयोग देने को तैयार हैं। विकासशील देशों ने लगातार इस पक्ष को उठाया है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और जलवायु अनुकूलन के लिए उन्हें कम से कम तेरह खरब अमेरिकी डालर की जरूरत है। विचित्र यह है कि बाकू में पेश संशोधित मसविदे में विकसित देशों से वित्तीय सहयोग की जरूरत के पहलू को तो स्वीकार किया गया, लेकिन इस पर सहमति के मामले में कोई ठोस उपलब्धि हासिल नहीं हुई। यह समझना मुश्किल नहीं है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के उपाय लागू करने के संदर्भ में विकासशील देशों को किन जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है! इसमें कोई दोराय नहीं कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जलवायु संकट के लिए सबसे बड़े कारकों में से एक है और बिना देरी किए इसका समाधान निकालने के लिए रास्ते तलाशने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या इसके लिए केवल विकासशील देश जिम्मेदार हैं! जब भी इस समस्या के दायरे और इसकी जिम्मेदारी लेने की बात उठाई जाती है तो विकसित देशों की ओर से आखिर किन वजहों से कार्बन उत्सर्जन को मुख्य सवाल बनाने की कोशिश होती है? इन्हीं वजहों से बीते दिनों भारत को यह स्पष्ट रूप से कहना पड़ा कि वह विकासशील देशों के लिए जलवायु वित्त से ध्यान हटा कर उत्सर्जन में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के विकसित देशों के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेगा। यह छिपा नहीं है कि विकासशील देशों में अभी विकास किस स्तर की चुनौतियों से गुजर रहा है, जबकि विकसित देशों में संसाधनों और सुविधाओं के उपभोग की स्थिति यह है कि जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को लेकर अक्सर वही कठघरे में खड़े पाए जाते हैं। विकसित देशों को जलवायु से जुड़े खतरे को लेकर चिंता है, तो इस समस्या की जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोपने के बजाय उन्हें खुद आगे आकर इसके ठोस समाधान का रास्ता तलाशने के लिये खुद को अपनी भूमिका को आगे रखने की जरूरत है।

# दलालों और स्वार्थी तत्वों की सवारी से झुक रही हैं राजनीति की कमर

■ आलोक मेहता



साधारण कार्यकर्ता असहाय हैं क्योंकि उनकी पीठ पर सत्ता और प्रभावशाली दलाल सवार हैं। ये लोग जाति और धर्म के नाम के सहारे छोटे छोटे ग्रुप बनाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं और कांग्रेस को फंसा देते हैं। इन लोगों की जीवन शैली ,सोचने का ढंग , उनके भ्रष्ट तौर तरीके समाज के निहित स्वार्थी तत्वों के साथ संबंधों और पाखंडपूर्ण तरीके जनता के बीच काम करने वालों से मेल नहीं कहते हैं। हम लोग जनता से दूर हो गए हैं। हम किसी समृद्ध भारत के सिद्धांतों की बात करते हैं , लेकिन किसी नियम अनुशासन का पालन नहीं करते।' यह बात किसकी हो सकती है? हाल के चुनाव में महाराष्ट्र के पराजित किसी पुराने नेता की? भाजपा नेता की? शिव सेना नेता की? जी नहीं यह बात बहुत पहले कांग्रेस के नेता पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी ने 28 दिसंबर 1985 में इसी मुंबई के 'इंदिरा नगर ( ब्रेबोर्न स्टेडियम ) में कांग्रेस के शताब्दी वर्ष अधिवेशन में कही थी । इसके बाद पार्टी ने कई उतार चढाव देखे। लेकिन अब महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव ने साबित कर दिया राहुल गांधी और उनकी सलाहकार चौकड़ी जाति और मुस्लिम आरक्षण का ढोल पीटकर अपने पिता दादी और पार्टी के ही सिद्धांतों की बलि देकर भविष्य को चौपट कर रहे हैं ।

राहुल गांधी लगातार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अम्बानी अडानी के विरुद्ध अपना टूटा बाजा बजा रहे हैं , लेकिन वे भूल जाते हैं कि साठ सत्तर के दशक की तरह जनता गरीबी फटेहाल नहीं है , अब करोड़ों लोग छोटी बड़ी आकांक्षाएं लेकर बाजार में शेयर खरीदती है। अम्बानी अडानी टाटा बिड़ला की कंपनियों में श्रमिक आंदोलन नहीं हो रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टियां एक दो प्रदेशों में अन्तिम सांसें गिन रही हैं। वायनाड में तो कम्युनिस्ट स्वयं राहुल और प्रियंका को हराने में लगी थी। जाति के नाम पर लालू तेजस्वी और अखिलेश यादव के सामने कांग्रेस कोई मुकाबला नहीं कर सकती और बिहार उत्तर प्रदेश में उनकी कृपा बैसाखी पर चल रही है। मुस्लिम राजनीति में क्या वह ओवेसी का मुकाबला कर सकती है? महाराष्ट्र में हिंदू सम्राट कहे जाने वाले बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे का दामन पकड़ने से न उन्हें राम का आशीर्वाद मिला न जनता जनार्दन का। उल्टे ठाकरे की अपनी विभाजित पार्टी ही बुरी तरह हार गई। झारखण्ड में हेमंत सोरेन शिबू सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चे के पुराने जमीनी संबंधों से थोड़ी सफलता का कोई श्रेय कांग्रेस को नहीं मिल रहा है।

दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी अपने विकास कार्यों के साथ क्षेत्रीय नेताओं को महत्व देने , अपनी कमियों और लोक सभा चुनाव की गलतियों को सुधारने में संकोच नहीं कर रही है। हरियाणा महाराष्ट्र के परिणामों ने उनके विरोधियों के साथ अपनों के बीच उठ रही आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर दिया है। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के साथ हिंदुत्व , संघ के आदर्शों , संस्कारों को सार्वजनिक रूप से स्वीकारने में गौरव का अनुभव कर रहे हैं। मोदी ने काटने के बजाय 'एक हैं तो सेफ है' का नारा इस चुनाव में प्रमुखता से आगे बढ़ाया। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों छोटी छोटी सभाएं की। पन्ना प्रमुख के फार्मूले को जिन इलाकों में सही ढंग से अपनाकर लोगों को सरकार के कल्याण कार्यक्रमों के लाभ दिलवाए और भविष्य के सुनहरे सपने दिखाए , उसका लाभ मिल रहा है। खासकर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रदेशों में दस वर्षों के दौरान दिए गए लाभ - मकान , शौचालय , गैस , शिक्षा , आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य रक्षा , और लखपति दीदी या अनुग्रह मासिक सहायता से बहुत बड़ी विश्वसनीयता प्राप्त की है। वहीँ महाराष्ट्र में साथ आए एकनाथ शिंदे की शिव सेना और अजित पवार के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं को न केवल सत्ता में वरन चुनाव में पूरा महत्व दिया। नीतीश कुमार को बिहार में और एकनाथ शिंदे को बहुमत वाली भाजपा का मुख्यमंत्री स्वीकार करना 'सबका साथ सबका विकास' जियो और जीने दो की नीतियां अपनाई। जबकि कांग्रेस और राहुल गाँधी की मंडली अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए सहयोगी दलों के नेताओं को ही नहीं पार्टी के अपने क्षेत्रीय नेताओं को लड़वाने के प्रयास करती रहती हैं। जिस डाल पर बैठते हैं , उसे काटने लगते हैं।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस ने ही कभी चुनाव नहीं जीतने दिया। अब उनके बनाए संविधान की छोटी डायरी लेकर दलितों और पिछड़ों गरीबों को प्रभावित करने के तमाशे को महाराष्ट्र की जनता ने पूरी तरह नकार दिया। जबकि पिछड़ों और दलितों , महिलाओं को मोदी और भजपा ने अपना प्रबल समर्थक बना लिया। उन्हें तो अपने निर्माता डॉक्टर हेडगेवार का आदर्श मन्त्र सबको सुनाना है -'हमारी तो एक ही जाति है , वह है हिन्दू।' फिर राष्ट्रवाद और दुनिया में बढ़ती हुई भारत की साख से शिक्षित युवा वर्ग में नया जोश आ रहा है। उन्हें स्व रोजगार और देश विदेश में नौकरी के अवसर लुभाते हैं। केवल अपने गाँव कस्बे में ही बंधे रहना सबकी मज़बूरी नहीं है। गरीब माता पिता उन्हें अधिक सफल संपन्न देखना चाहते हैं। किसानों के नाम पर महारष्ट्र में राहुल गाँधी और शरद पवार के साथियों ने बहुत भड़काने के प्रयास किए। हरियाणा में तो सबसे अधिक यह मुद्दा उठाया। वे भूल गए कि छोटे किसान ही देश में सर्वाधिक हैं और वे दलालों के धंधे से अनाज का सही लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए छोटे किसान कम ही सही छह से दस हजार की अनुग्रह राशि सीधे बैंक खाते से आने से खुश हो रहे हैं।

बहरहाल असली मुद्दा सामाजिक आर्थिक प्रगति के लिए सरकार के कार्यों के साथ भाजपा के नेताओं या कार्यकर्ताओं को अपने पुराने सिद्धांतों आदर्शों को निभाना होगा। डिजिटल युग में सदस्य संख्या बढ़ती देखने या अहंकार से दूर तक सफलता नहीं मिल सकती है। इस सन्दर्भ में संघ भाजपा के एक नेता ने संघ की हिदुत्व की दृष्टि और जीवन पद्धति पर एक पुस्तिका के अंश याद दिलाए। इस अंश में लिखा गया है - 'अवैधानिक धन का अर्जन नहीं करना , अनैतिक और अवैधानिक काम नहीं करना सच्चा जीवन बिताना हिन्दू संस्कार और जीवन पद्धति है। आत्म संयम अति आवश्यक है।' सवाल समाज में अपने काम और व्यवहार से ही स्थान बनाने के प्रयास पहले कांग्रेस , सोशलिस्ट , जनसंघ - भाजपा या क्षेत्रीय दलों के नेता कार्यकर्त्ता करते थे। आज जागरूकता आने के बाद यह और जरुरी हो गया है। वहीँ देश दुनिया की चुनौतियां भी बढ़ती जा रही है। विदेशी ताकतें भारत की राजनितिक स्थिरता आर्थिक प्रगति पर सामने भले ही तालियां बजा रही हैं , उसे कमजोर करने की हर संभव तैयारियां भी कर रही हैं। इसलिए हार और जीत की राजनीति से अधिक महत्व भारत के भविष्य के लिए एकता सम्प्रभुता और निरंतर प्रगति के लिए सभी पक्षों को प्रयास करने होंगे।

**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं,**

# जन स्वास्थ्य पर सुपरबग का घातक संकट

■ राजेश भाटिया

सौ साल से भी कम समय पहले, एंटीबायोटिक की खोज ने एक ऐसे युग की शुरुआत की जिसने चिकित्सा की दुनिया को बदल दिया। इसने लाखों लोगों की जान बचाई, जटिल सर्जरी के विकास और उपयोग में तेज़ी लाई और कैंसर जैसी बीमारियों के बेहतर प्रबंधन में मदद की। सर्वव्यापी जीवाणुओं को नष्ट करने की एंटीबायोटिक्स की क्षमता ने उन्हें 'जादुई गोलियों' की उपाधि दी। दुर्भाग्य से, यह उत्साह लंबे समय तक नहीं टिका। मनुष्यों ने रोगाणुओं की जीवटता और जीवित रहने की चतुराई को कम करके आंका क्योंकि उन्होंने एंटीबायोटिक्स के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अपनी खुद की प्रतिरोधकता विकसित कर ली। इसके बूते रोगाणु एंटीबायोटिक्स के असर से बच निकलने के काबिल बन गए, जिसे तकनीकी रूप से एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस (एएमआर) कहा जाता है।

दरअसल, मानव स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा सेवाओं और कृषि में एंटीबायोटिक्स के अंधाधुंध उपयोग ने कुछ रोगाणुओं की ऐसी जमात बना दी जिस पर एक या कई एंटीबायोटिक्स का कोई असर नहीं हो पा रहा। कुछेक ने तो लगभग सभी किफायती एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है। इन्हें 'सुपरबग्स' के नाम से जाना जाता है। प्रतिरोध विकसित कर चुके रोगाणुओं से होने वाले संक्रमण का इलाज करना मुश्किल होता है, इससे अस्पताल में लंबे समय तक रहना पड़ता है, मृत्यु दर और रुग्णता बढ़ती है। आर्थिक नुकसान भी होता है। यह चुनौती पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही है। वैश्विक स्तर पर एएमआर के निहितार्थ बहुत बड़े हैं, जो मानव विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। एएमआर पर बरती निष्क्रियता के चलते अनुमान है कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 2050 तक लगभग 1 करोड़ लोग हर साल एंटीबायोटिक्स के विरुद्ध पनपे प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली बीमारियों से मर जाएंगे। यह संख्या सड़क दुर्घटनाओं और कैंसर से मरने वालों की कुल संख्या से भी अधिक होगी। इस कालखंड में, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इससे 100 ट्रिलियन डॉलर का सकल वित्तीय नुकसान



होने का अनुमान है। पशुधन उत्पादन में 7.5 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित होगी। अतिरिक्त 2.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाएंगे और 2050 तक वैश्विक निर्यात में 3.8 प्रतिशत की कमी आएगी।

एएमआर का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और विकासशील देशों में यह कहीं अधिक है। वर्ष 2019 में ही प्रतिरोधी रोगाणुओं की वजह से हुई बीमारियों के कारण 12 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। अनुमान है कि वर्ष 2019 में केवल भारत में ही एएमआर के कारण 2,97,000 मौतें हुई वहीं इससे संबंधित जटिलताओं के चलते 10,42,500 मौतें हुईं। भारत में एएमआर से होने वाली मौतों की संख्या कैंसर, श्वसन-संक्रमण एवं तपेदिक, आंतों के संक्रमण, मधुमेह और गुर्दे की बीमारियों और मातृ एवं नवजात विकारों से होने वाली मौतों से अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने माना कि सतत्‌ विकास लक्ष्यों की प्राप्ति पर इस स्थिति का प्रभाव पड़ेगा। 2016 और 2024 में अपनी उच्च स्तरीय बैठकों के माध्यम से, यूएनजीए ने 2019 को आधार वर्ष मानकर 2030 तक प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली मृत्यु दर को 10 प्रतिशत तक कम करने के लिए तत्काल, वैश्विक रूप से समन्वित राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया है। आर्थिक सहयोग के लिए अंतर-सरकारी मंचों की हाल की बैठकों, अर्थात्‌ जी-20 (भारत, 2023) और जी-7 (इटली, 2024) बैठकों में एएमआर से निपटने के महत्व को दृढ़ता से व्यक्त किया गया है। पशु चिकित्सा क्षेत्र में भी संक्रमण का उपचार अथवा इसकी रोकथाम के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है। कई बार इनका इस्तेमाल इस लक्ष्य के साथ किया जाता है कि इनके उपयोग से पशु के शरीर का आकार (मांस) बढ़ेगा, जिससे कि ज्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। अनेक देशों में रोक के बावजूद जागरूकता की कमी और गरीबी के कारण यह भारत में जारी है। पशुओं में एंटीबायोटिक्स का ऐसा अंधाधुंध उपयोग उनके अंदर प्रतिरोधी जीवाणुओं व रोगाणुओं के फैलाव को बढ़ावा देता है। चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर द्वारा हाल ही में चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड से आए दस्त के मरीजों के अध्ययन से पता चला है कि रोग की वजह ऐसे रोगाणु हैं जिन्होंने कई एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ एएमआर विकसित कर ली।

भारत में मांसाहार की लगातार बढ़ती मांग के साथ पशुधन स्वास्थ्य क्षेत्र में एंटीबायोटिक का उपयोग और अधिक होता गया, लिहाजा खाद्य-शृंखला के जरिए उनमें बना एएमआर मनुष्यों में स्थानांतरित होता गया। जिससे कि उनके अंदर भी सिप्रोफ्लोसिन, एम्पीसिलीन, टेट्रासाइक्लिन और तीसरी पीढ़ी के सेफ्लोस्पोरिन के खिलाफ उन रोगाणुओं के विरुद्ध उच्च एएमआर बनता देखा जा रहा है। फलतः इलाज मुश्किल हो जाता है।

हालांकि, एएमआर की समस्या राजनीतिक, वित्तीय, कार्यक्रम संबंधी, तकनीकी, विनियामक और बहु-क्षेत्रीय रूप से ध्यान खींच रही है, लेकिन इसे रोकने के वैश्विक प्रयासों में जनता की भूमिका भी एक प्रमुख हितधारक के रूप में है। सभी क्षेत्रों के एंटीबायोटिक्स लिखकर देने वाले डॉक्टर और उपयोगकर्ताओं को एएमआर के छिपे खतरे को समझना चाहिए। किफायती एंटीबायोटिक दवाओं के अभाव में, एक छोटी-सी चोट भी घातक हो सकती है। बीमारियां जैसे कि टाइफाइड बुखार, हैजा, निमोनिया, मेनिन्जाइटिस आदि ठीक होना मुश्किल होता जाएगा। सर्जरी विफल होने का बहुत खतरा होगा। जीवन बचाने के नवीन चिकित्सा ढंग निष्फल हो सकते हैं। एंटीबायोटिक उपयोगकर्ता को शिक्षित किया जाए कि प्रतिरोधी रोगाणु बनने पर वे कैसी मुसीबत ला सकते हैं। इस वैश्विक तबाही को कम करने में वे स्वयं कैसी भूमिका निभा सकते हैं। बिना डॉक्टर की लिखी पर्ची के एंटीबायोटिक्स खरीदना, तयशुदा खुराक और बताई अवधि तक एंटीबायोटिक्स न लेना, स्व-चिकित्सा करना, किसी भी बुखार के लिए बची हुई एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना व्यक्ति के अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु भी हानिकारक है। इसके लिए नियामक प्राधिकरणों द्वारा सतत्‌ एवं साक्ष्य-आधारित प्रयास और केंद्रीय एवं राज्यों के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों द्वारा व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु व्यापक प्रयास जरूरी हैं।

विश्वविद्यालय, नागरिक समाज और गैर सरकारी संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमें एक राष्ट्रीय व्यापक जोखिम विस्तार एवं सामुदायिक सहभागिता रणनीति की आवश्यकता है, जो हमारी विविधता भरी आबादी के लिए व्यवहार्य हो, सामाजिक मिथकों को तोड़ने वाली और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से कार्यान्वित की जाए। केंद्र व राज्य सरकारों, को इस प्रयास में उचित निवेश करना चाहिए। लोगों की सक्रिय भागीदारी के बिना कोई भी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कभी सफल नहीं हुआ है। यह एएमआर नियंत्रण और दुनिया को एंटीबायोटिक असफल होने के बाद वाले भयानक युग से बचाएगी।

**(साभार : लेखक डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र, संचारी रोग के पूर्व निदेशक हैं।)**

**अन्याय से कमाया हुआ धन निश्चित रूप से नष्ट हो जाएगा।**


**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1667- रूस के उत्तरी कॉकसस क्षेत्र के सेमाखा में आये विनाशकारी भूकंप में 80 हजार लोगों की मौत।
- 1744- आस्ट्रिया की सेना ने पराग्वे के यहूदियों के खिलाफ जानलेवा हमले किये और लूटपाट की।
- 1758- ब्रिटेन ने फ्रांस के ड्यूक्वीसन किले पर क़ब्ज़ा किया।
- 1866- इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
- 1867- अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
- 1930- जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकार्ड किये गये।
- 1936- जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1937- फ्रांस की राजधानी पेरिस में विश्व मेले का समापन।
- 1948- भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना हुई।
- 1949- स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये, तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।
- 1951- अमेरिकी के अल्बामा में ट्रेन दुघर्टना में 17 की मौत।
- 1952- जार्ज मेनाय आस्ट्रेलियन फुटबाल लीग के अध्यक्ष चुने गये।
- 1960- टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया।
- 1974- संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का बर्मा में निधन।
- 1998- पाकिस्तान ने अंधेरे में भी प्रहार कर सकने में सक्षम 'भक्तर शिकन' नामक नव विकसित टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2001- 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद्' ने भारत को निलंबन की धमकी दी, बेनजीर भुट्टो नई दिल्ली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मिलीं।

## निशाना

### फैसला ये जनता का !



-कृष्णेन्द्र राय

आया लेखा जोखा ।
दिख गया अब कल ।।
मिला उनको उतना ।
पास जितना बल ।।
फैसला ये जनता का ।
है करना स्वीकार ।।
अपने-अपने दायरे में ।
सबने किया प्रहार ।।
आगे रणनीति पर ।
है करना विचार ।।
तभी पुन-वापसी के ।
बन सकते आसार ।।
जीत और हार तो ।
राजनीति के अंग ।।
है रहनी दिलचस्प अभी ।
आगे वाली जंग ।।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जा रहा है जागृति अभियान

# ब्रह्मकुमारी डॉ. रीना ने मन का प्रबंध करने के लिए दिए विशेष मूल मंत्र

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ स्वच्छ समाज की स्थापना हेतु प्रशंसकों प्रबंधको एवं कार्यपालकों हेतु स्वर्णिम प्रशासन मध्य प्रदेश जागृति अभियान ब्रह्माकुमारी विद्यालय और इसकी भगिनी संस्था राजयोग शिक्षक एवं शोध संस्थान के प्रशासक प्रभाव के द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राजयोग शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं ।



इसी कड़ी से एक स्वच्छ स्वस्थ समाज में, शासन प्रशासन में जागृति लाने हेतु ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से यह स्वर्णिम मध्य प्रदेश जागृति राज्य स्तरीय अभियान नर्मदापुरम में पहुंचा। यह अभियान 17 नवंबर से शुरू होकर 30 मार्च 2025 के बीच 6 यात्राओं का आयोजन किया गया है। इस अभियान में विशेष रूप से भोपाल जॉन एडमिनिस्ट्रेटर सर्विस विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉक्टर रीना के नेतृत्व में यह अभियान चल रहा है। साथ में ब्रह्माकुमारी रिचा दीदी, बीके राहुल , भाई बीके, राम भाई अभियान में साथ है।

यह मध्य प्रदेश के सभी सेवाकेंद्र उप सेवाकेद्रों पर अपनी श्रेष्ठ सेवाएं दे हुए है 23 नवंबर को यह अभियान नर्मदापुरम में पहुंचा। जहां पर मन प्रबंधन द्वारा प्रशासन में उत्कृष्ट विषय पर कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रशासको प्रबंधकों तथा कार्यपालको हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर , तहसीलदार भ्राता देवशंकर धुर्वे , महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ललित बारिया की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रीना दीदी उपस्थित रहे। जिसमें भारी संख्या में कार्यालय के भाई बहनों ने लाभ लिया तथा 23 नवंबर शाम ब्रह्माकुमारी विद्यालय रसूलिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में नीतू यादव नगर पालिका अध्यक्ष, अर्चना पुरोहित जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अर्चना राय मि.कमांडेंट बीएसएफ एस पी एम, हंसराय संभाग कार्यमंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि, महेंद्र यादव विधायक प्रतिनिधि, मनोहर बढ़ानी महासचिव व्यापार संघ, राम नवलानी सहित नर्मदापुरम के भाईबहनों ने भारी संख्या में भाग लिया । डॉ. रीना दीदी ने मन का प्रबंधन करने के लिए विशेष मूल मंत्र दिए कि हम जब मन का प्रबंध करना सीख जाएंगे तो अपने कार्यक्षेत्र में परिवार में बेहतर प्रशासन बेहतर कार्य कर सकेंगे और उसके लिए प्रतिदिन कुछ पॉजिटिव संकल्प अपने आप को दे।

जैसे मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, मैं खुशनसीब आत्मा हूं, मैं सफलता मुर्त आत्मा हूं, मेरी आत्मा और शरीर दोनों स्वस्थ हैं, मेरा घर मेरा ऑफिस अथवा कार्य क्षेत्र स्वर्ग है। प्रतिदिन यह पांच विचार अपने आप को दें तो अपने दिन की शुरुआत एक पॉजिटिव एनर्जी के साथ कर सकेंगे और मन का प्रबंध कर सकेंगे।

## 28 हजार की मदिरा जब्त



**इटारसी , दोपहर मेट्रो**

जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में आबकारी टीम द्वारा सूचना मिलने पर चामुंडा चौराहा इटारसी में पानी की टंकी के पास दबिश दी गई। उक्त स्थल पर एक युवक के कब्जे में रखी दो बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें बोरियों के अंदर रखे हुए देशी शराब के 60 क्वार्टर एवं अंग्रेजी शराब के 131 क्वार्टर देशी एवं अंग्रेजी शराब के कुल 191 क्वार्टर विधिवत जप्त किए गए। मौके से आरोपी अमित पिता नारायण कुचबंदिया उम्र 27 वर्ष निवासी भाट मोहल्ला बालाजी मंदिर के पास इटारसी, को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34( 1 )के तहत प्रकरण किया गया।

जप्त शराब की कीमत लगभग 28,000 रुपए आंकी गई है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजेश साहू, आरक्षक दुर्गेश पठारिया, विकास लोखंडे एवं नगर सैनिक रामावतार यादव शामिल रहे। आबकारी विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

## नपा अध्यक्ष बोले - कचरा गाडी आती है, तो नाले में कचरा क्यों डालते हो

**सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच किया दो वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

समय सुबह के 8.30 बजे, स्थान वार्ड क्रमांक 01, स्थान सीएम राइज स्कूल निर्माण के पास। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां जनता से पूछा, कचरा गाडी आती है... जबाव मिला हां.. तब नपाध्यक्ष ने जनता से कहा तो नाले में कचरा क्यों डालते हो, ऐसा नहीं करें। दरअसल, यहां निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष को नाले में घर से निकलने वाला कचरा दिखा। इसके बाद उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे नाले और आसपास खाली प्लाट में कचरा नहीं डालें। उन्होंने साथ ही कहा कि



कचरा गाडी नहीं आए तो सूचित करें। साथ ही मौजूद नागरिकों ने कहा कि यह कचरा आसपास के घरों का ही है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति अनजान व्यक्ति को अपने घर के आसपास कचरा नहीं डालने देता। निरीक्षण के दौरान पार्षद पार्षद दिलीप गोस्वामी, सफाई विभाग सुपरवाइजर स्वदेश महोरिया, प्रदीप अहिरवार, बदामीलाल केवट सहित अन्य मौजूद थे।

इसके पहले सुबह 8 बजे नपाध्यक्ष श्री चौरे ने स्वयं के वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड सुपरवाइजर पप्पू मालवीय को नाली सफाई के निर्देश दिए। नीलकंठ दाल मिल के पीछे वाले कचरे अड्डे को उठाने के निर्देश दिए।

## जनसेवक संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही संभागीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**■ 29 नवंबर को उज्जैन में संगठन का संभागीय सम्मेलन आयोजित होगा**

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

सर्व समाज जन सेवक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव की अध्यक्षता में स्थानीय मैरिज गार्डन में जनसेवक संगठन का संभागीय कार्यक्रम कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस दौरान संगठन का संभागीय कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया. संभागीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित प्रदेश के सह सचिव ललित यादव नर्मदा पुरम संभाग प्रभारी नंदकिशोर यादव लोकसभा प्रभारी बद्री प्रसाद कौरव के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुए इस



कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा बैतूल लोक सभा के अंतर्गत आठ विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति नर्मदापुरम लोकसभा के अंतर्गत 8 विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही संभागीय उपाध्यक्ष अशोक दीबोलिया महिला संगठन पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए संगठन के उद्देश्य एवं मिशन के विषय में अध्यक्ष नंदलाल यादव एवं रघुवीर श्रीवास द्वारा विस्तृत जानकारी देकर सामाजिक समरसता के वातावरण को निर्मित करने का आवाहन किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राकेश फौजदार के एस राजपूत ने संगठन के पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन दिए जाने की बात कही. राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा के एस राजपूत को संगठन का संरक्षक पद से नवाजा गया. उपस्थित जन समुदाय द्वारा संगठन के दायित्व उद्देश्य के प्रति अपनी सद्भावना एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की गई. कार्यक्रम समापन उपरांत स्नेह भोज का आयोजन भी संगठन द्वारा किया गया. आगामी 29 नवंबर को उज्जैन में संभागीय सम्मेलन का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया. सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के डॉ सुरेंद्र जीत सिंह लखन रघुवंशी मोहम्मद अकरम खान रामेश्वर पटेल मोहम्मद आदिल फाजिल महेश शर्मा केके शर्मा आशीष तिवारी रमेश सोनी हेमंत शर्मा जय बाला निगम के साथ अन्य सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

## आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिए ग्राम डोकरी खेड़ा में लगाया कैंप



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में सीएमसीएलडीपी के तहत आज़ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए पिपरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम डोकरीखेड़ा झिरिया में घर-घर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन किए गए. ग्राम डोकरीखेड़ा में अयोजित निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं विभिन्न प्रकार के संभावित ओटीपी फ्रॉड व वित्तीय जोखमि के बारे में हितग्राहियों को जागरूक भी किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् से सलाहकार देवेन्द्र सिंह पटेल, नवांकुर संस्था सेक्टर नंबर 4 मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति प्रतिनिधि आशीष शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## सिवनी मालवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर मनाया जीत का जश्न

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

महाराष्ट्र, यूपी की महा विजय पर वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार ने भाजपा साथियों के साथ मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश नेतृत्व सहित भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश बुधनी सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र में मिली भाजपा की प्रचंड जीत पर वार्ड क्रमांक 9 में राम जी चौक पर जमकर जश्न मनाया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खूब आतिशबाजी कर जमकर भारत मां और भाजपा एवं मोदी के जयघोष लगाए। पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने महाराष्ट्र यू.पी बुधनी की जनता को धन्यवाद आभार ज्ञापित कर उपस्थित सभी को बधाई देते हुए राहुल बाबा की कंपनी की जलेबी एवं मिठाई वितरण की। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला सदस्य श्रीमती अनीता वर्मा वार्ड पार्षद ईश्वरदास जमीदार जनपद सदस्य विधायक प्रतिनिधि हंस बड़कुड़ पूर्व मंडल महामंत्री विजय कुचबंदिया पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कमलेश लोवंशी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक विनोद मालवीय किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण वर्मा पूर्व नपा उपाध्यक्ष मुकेश मंशोरिया





भाजयुमो पूर्व जिला महामंत्री विक्रम सूर्यवंशी पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री तुषार लोवंशी अशोक लोवंशी राहुल गौर छोटू धापाड़िया शहदीप कुशवाह हर्ष वर्मा विजय मालवीय सतीश वर्मा रानू भार्गव योगेंद्र अग्रवाल विशाल पटेल डब्बू वर्मा काली कुशवाहा गुड्डू कुशवाहा कुलदीप लोवंशी आदि उपस्थित थे।

## संदीपनी परिसर में मनाया एनसीसी स्थापना दिवस



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल संदीपनी परिसर नर्मदापुरम प्रांगण में एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समेरिटंस के डायरेक्टर डां. आशुतोष कुमार शर्मा ने कैडेटस को देश सेवा, त्याग और अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्राईवेट संस्थाओ के कैडेटस और सहयोगी अधिकारियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान 5 एमपी बालिका एवं 13 एमपी एनसीसी बटालियन कैडेटस ने मार्च पास्ट किया और अतिथियों को सलामी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कमार यादव, सेकेंड आफीसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, स्नेहा उपाध्याय, आरके सिंह, आरके रघुवंशी, विक्रांत खम्परिया, सचिन खंपरिया, प्रशांत दीक्षित आदि उपस्थित रहे। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम देशभक्ति गीत, नाटक भी प्रस्तुत किए गए।

**मेट्रो एंकर** 14 से 19 जनवरी तक होगी लोकल स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, 27 जनवरी से होगा क्रिकेट का महाकुंभ

# इटारसी क्रिकेट संघ कराएगा ऑल इंडिया लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

इटारसी क्रिकेट संघ की बैठक परशुराम भवन दूसरी लाइन में आयोजित हुई। बैठक में इटारसी में लेदर बॉल क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए तय हुआ कि यहां स्कूली व कॉलेज के बच्चों के साथ युवाओं के लिए लोकल स्तर पर लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ऑल इंडिया लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। अंडर 25 वर्ग की लोकल (इटारसी )स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी से 19 जनवरी के बीच कराने का निर्णय हुआ है। साथ ही ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**■ नगरपालिका परिषद इटारसी के तत्वाधान में आयोजित होगी प्रतियोगिता**

27 जनवरी से गांधी स्टेडियम में प्रारंभ होगा। दोनों ही प्रतियोगिता इटारसी क्रिकेट संघ के सहयोग से नगरपालिका परिषद इटारसी के तत्वावधान में आयोजित होंगी। बैठक में संघ के अध्यक्ष सत्येंद्रपाल सिंह जग्गी, सचिव अमित कुमार जायसवाल, वरिष्ठ खिलाडी जितेंद्र ओझा, कुलभूषण मिश्रा, राकेश पांडेय, विनोद वारसे, राकेश दुबे, हरीश हनोतिया, बसंत चौहान सहित अन्य मौजूद थे।



### प्रतियोगिता के संबंध में विधायक से हुई चर्चा

प्रतियोगिता कराने के संबंध में संघ के पदाधिकारियों की विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे से चर्चा हुई है। विधायक डॉ शर्मा ने सुझाव दिया है कि लोकल प्रतियोगिता को दिसम्बर माह में कराएं, ताकि बच्चों को परीक्षा के वक्त समय मिले और शोरगुल भी न हो। इस पर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि गांधी मैदान अभी प्रतियोगिता कराने के स्तर पर तैयार नहीं है, जिस पर विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि वे नगरपालिका अध्यक्ष से चर्चा कर मैदान तैयार कराने की कोशिश करते हैं। संघ अध्यक्ष सत्येंद्रपाल सिंह जग्गी ने बताया यदि मैदान तैयार हो जाता है तो इटारसी स्तरीय प्रतियोगिता दिसम्बर माह में कराई जा सकती है।

### चार टीमों को ऑल इंडिया टूर्नामेंट में करेंगे शामिल

संघ के अध्यक्ष सत्येंद्रपाल सिंह जग्गी ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि लोकल टूर्नामेंट की चार सबसे अच्छी टीमें, जो सेमीफाइनल में पहुंचेगी, उन्हें ऑल इंडिया टूर्नामेंट की इंट्री दी जाएगी।

## राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग की टीम बनी विजेता

**नर्मदापुरम।** 68 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीवाल प्रतियोगिताके अंतर्गत 14 वर्ष बालिका वर्ग की प्रतियोगितागत दिवस सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग की टीम ने शानदार विजय प्राप्त की. संभाग की टीम में शासकीय कन्या उच्चतर शाला नर्मदापुरम में संचालित खेल मैदान की आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया है और विजेता बनकर लौटी टीम एवं कोच बख्तावर खान का रेल्वे स्टेशन पर जिला व्हालीवाल संघ के अध्यक्ष भगवती चौरे के नेतृत्व में स्वागत कर विजेता बनने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विजय दीपू पुरोहित, नीलेन्द्र पटेल, प्रफुल पटेल, राहुल मालवीय, पूनम मंसोरिया, गोपाल चौरे, सुमित बाबरिया, उमेश चौरे व अन्य उपस्थित रहे।



### समर्थन मूल्य पर सोयाबीन बेचने के बाद, केंद्रीय कृषि मंत्री के जिले का हाल

# भुगतान के लिए किसान लगा रहे हैं बैंकों और समितियां के चक्कर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के बाद भी 20 दिनों से अन्नदाता भुगतान के लिए समिति तथा बैंकों के चक्कर लगा लगाकर हैरान परेशान है मंडी में काम दामों पर सोयाबीन बिक रहा था । इसके बाद सरकार ने किसानों को फायदा देने समर्थन मूल्य पर खरीदारी के लिए ऐलान किया था वहीं सरकार के द्वारा योजनाएं तो बनाई जाती है ,पर इनका सही तरीके से क्रियान्वन नहीं होने के कारण हितग्राहियों को परेशानी होती है। सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियां के माध्यम सोयाबीन की खरीदारी करवाई जा रही है फसल बेचने के बाद भी किसानों के हाथ खाली होने से वहां इस समय परेशान हो रहे हैं, इनकी सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।



समर्थन मूल्य केंद्र से लेकर बैंकों में पहुंचकर खाता चेक करवा रहे हैं पर खातों में राशि नहीं आने से खाली हाथ ही किसानों को अपने घरों पर लौटना पड़ा रहा है। इस समय किसानों को अगली फसल की बोनी करने के लिए खाद बीज से लेकर डीजल कृषि यंत्र आदि खरीदने के लिए पैसों की आवश्यकता हो रही है। इसके अलावा जिन साहूकारों से कर्ज लेकर फसल लगाई थी उनको भी वापस करना है अन्य लेनदेन भी करना है फसल बेचने के बाद किसानों को इतने दिनों तक भुगतान के लिए परेशान होना पड़ेगा । किसानों का कहना है कि ऐसी जानकारी होती तो हम समर्थन मूल्य पर फसल ही नहीं बेजते। फसल तुलवाने के बाद भी अधिकांश किसानों को 20 दिन हो गए इसके उपरांत भी इनके खातों में भुगतान नहीं आया है इस बात की शिकायत लेकर जब अन्नदाता समर्थन मूल्य केंद्र प्रभारी के पहुंचते हैं तो वहां से बोला जाता है कि हमने अपना काम कर दिया है खाते में भुगतान आ जाएगा बैंक में जाकर देख लो वहां बताया जाता है कि राशि नहीं आई है ।

इस वजह से कृषक भुगतान के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं उनके हाथ फिर भी खाली है आखिर फसल बेचने के बाद इन्हें भुगतान समय पर क्यों नहीं दिया जा रहा है ।जबकि भुगतान करने में लेट लतीफी नहीं की जा सकती है। जिस समय खरीदारी प्रारंभ हुई थी उसे समय 3 दिन से लेकर 7 दिन के अदर किसान के खातों में राशि आने की बात कही थी पर इतने दिन बीत जाने के बाद फसल की राशि क्यों नहीं आ रही है इस समस्या के समाधान के लिए भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी ध्यान देकर किसाने की पीड़ा को समझकर तत्काल इनको भुगतान करवाना चाहिए जिससे कि वहां अगली फसल की बोनी करने के लिए इनको परेशानी से राहत मिल जाएगी वैसे हर बार समर्थन मूल्य पर खरीदारी करने के बाद भुगतान के लिए इसी तरह किसानों को परेशान किया जाता है।

इसकी जानकारी भी नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी हैं इसके बाद भी गंभीरता से इस समस्या को दूर करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कदम नहीं उठाते हैं इस वजह से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

**इनका कहना है**

समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के बाद भी 20 दिनों से भुगतान के लिए परेशान हो रहे हैं कोई सुनवाई नहीं हो रहीं हैं ।

–**सौरभ यादव**, किसान

यदि भुगतान में समस्या आ रही तो बात करके किसानों को भुगतान करवाया जाएगा।

–**हर्षल चौधरी**, एसडीएम

## राजस्व महाअभियान का उद्देश्य जिला राजस्व समस्या विहीन हो : कलेक्टर

- लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़े सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करें
- लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करें, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन कर अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार ने राजस्व महा अभियान 3 का जिले में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करें, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन कर रास्तों पर अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाया जाए, आमजन की सुविधा के लिए रास्ते क्लियर करवाये, अभियान में सभी राजस्व अधिकारी प्रकरण का निराकरण गुणवत्ता के साथ करें, अनावश्यक लोगों को परेशान नहीं होना पड़े इसके लिए सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करें। ताकि विदिशा जिला प्रदेश में राजस्व समस्या विहीन जिला बने। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महाअभियान 3 की प्रगति की हरेक अनुविभाग में स्पष्ट परिलक्षित हो के निर्देश प्रसारित किए हैं। उन्होंने राजस्व महा अभियान समाप्ति अवधि तिथि के पहले ही नामांतरण, बंटवारा, नक्शा दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तो का चिन्हाकन, नक्शे मे बटांकन, आधार से खसरा लिन्किग, फार्मर रजिस्ट्री, ईकेवायसी, स्वामित्व योजना, साइबर तहसील, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की योजना बना कर योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री सिंह ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से कर सभी तहसीलदार 90 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि सुनिश्चित करें के निर्देश प्रसारित किए हैं।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा कार्यक्रमों का तिथिवार आयोजन की जानकारी

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा जेंडर आधारित हिसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाबष् पखवाड़ा 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण पखवाड़ा के लिए तिथि वार जो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे का कैलेंडर जारी किया गया है। अभियान के पहले दिन अर्थात 25 नबम्बर को अभियान का शुभारंभ प्राज्य स्तरीय दो दिवसीय जेन्डर संवेदीकरण कंसल्टेशन कार्यक्रमष् विषय पर आयोजित किया गया है।

जिसके तहत आयोजित गतिविधियां क्रियान्वित की जाएगी तदनुसार राज्य स्तर पर अभियान का आरम्भ महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्काई सोशल संस्था के साथ विभिन्न समन्वित विभागों यथा नगरीय विकास, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, धर्मस्व धर्मगुरु, स्कूल शिक्षा, गृह (पुलिस) विभाग, आबकारी, परिवहन, उच्च शिक्षा, श्रम, सामाजिक न्याय, तकनीकि शिक्षा, अनुसुचित जाति कल्याण, खेल युवा कल्याण, नेहरू युवा केंद्र, जनसम्पर्क, विधि विधायी कार्य विभाग डेवलपमेंट पार्टनर यूनीसेफ यूनिसेफ, यूनवीमेन, और यूनएफपीए के सहयोग से दो दिवसीय कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।राज्य स्तर एवं समस्त जिलो के सम्बंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आनलाइन इस आयोजन से जुडेंगे। अभियान के दुसरे दिन 26 नवंबर को फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए जेंडर संवेदीकरण गतिविधियां क्रियान्वित की जाएगी जिसके तहत युवाओं के साथ श्जेन्डर आधारित हिंसाश् पर संवाद किया जाएगा इस में जेंडर आधारित हिंसा का मनो-वैज्ञानिक प्रभावश् विषय पर गहन चर्चा तथा जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर-आधारित मुद्दों से निपटने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल देखभाल संस्थान के कर्मचारियों, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल और शक्ति निवास तथा उर्जा महिला डेस्क कर्मियों के लिए वेबिनार। कार्यशाला शामिल हैं। बुधवार 27 नवंबर को बाल विवाह निषेध जागरूकता पर आयोजित गतिविधियां अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम और इन कानूनों के उल्लंघन के कानूनी परिणामों पर वेबिनार और सत्र का आयोजन। गुरुवार 28 नवंबर को सोशल मीडिया अभियान तहत महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन और सी-बाक्स पोर्टल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आकर्षक सामग्री और हैशटैग के साथ सोशल मीडिया द्वारा प्रसार । पास्को,घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों के प्रचार हेतु ट्वीट, इन्फोग्राफिक्स और आडियो विजुअल का बाल विवाह मुक्त भारत हेतु प्रतिज्ञा।

शुक्रवार 29 नवंबर को घरेलू हिंसा रोकथाम पर तथा 30 नवंबर को कानूनी जागरूकता कार्यशालाएँ का आयोजन किया जाएगा। सोमवार 2 दिसंबर को पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के सम्बंध जागरुकता मंगलवार तीन दिसंबर को समुदाय में जेंडर उन्मुखीकरणपर तथा चार दिसंबर को संस्थागत संबंधों को मजबूत करना पर और पांच दिसम्बर को सकारात्मक मर्दानगी, पुरुषत्व विषय पर संवेदीकरण तथा बुधवार 6 दिसम्बर को आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरुकता पर तथा सात दिसम्बर को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न से सुरक्षा एवं नौ दिसंबर को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरतापर और पखवाड़ा के अंतिम दिन 10 दिसम्बर को अभियान समापन पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## आवारा मवेशियों से नहीं मिल रहा छुटकारा, सर्दी में बढ़ी परेशानी




**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सड़कों पर आवारा मवेशियों के बैठने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है यह भूखे प्यासे भी भटक रहे हैं पर उनकी सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। सर्दी का दौर प्रारंभ हो गया फिर भी है यह मवेशी सड़कों पर बैठे रहते हैं। इनका ठिकाना दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें तो मंचों से करते हैं, धरातल पर कुछ होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। आखिर ऐसा क्या गौ माता के साथ किया जा रहा है। जितनी भी गौशालाओं का संचालन हो रहा है उनमें सही तरीके से मवेशियों को रखने का काम हो जाएं तो इस तरह से सड़कों पर मवेशी बैठने को मजबूर नहीं होंगे इनको भी उचित ठिकाना मिल जाएगा पर इसके लिए गंभीरता से कदम उठाने होंगे तभी बदलाव होगा नहीं तो इसी मवेशियों को सड़कों पर ही भटकना बैठना पड़ेगा।

## जिले में 82 प्रतिशत से अधिक खाद वितरण हुआ, अब तक 60 प्रतिशत से अधिक बोर्नी

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले में इस वर्ष रबी सीजन की फसलों के लिए आवश्यक खाद - बीज के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कृषि सहित अन्य लाइन विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए मांग और पूर्ति के बीच किसी भी प्रकार के व्यवधान उत्पन्न ना हो का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी,नकली खाद का विक्रय व परिवहन ना हो वही तय दाम से अधिक दर पर भी को दुकानदार विक्रय ना कर पाए पर सतत निगरानी रखने के निर्देश प्रसारित किए हैं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में क्रियान्वित कार्यो की जानकारी देते हुए किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में गत वर्ष में उक्त अवधि के दौरान डी.ए.पी., एन.पी.के. 59096 मैटिक टन का वितरण किया जा चुका है। जबकि इस वर्ष अब तक डी.ए.पी, एन.पी.के. 59045 मै.टन डी.ए.पी. का भण्डारण कराया गया है जो गतवर्ष की तुलना से ज्यादा प्राप्त हुआ है। शुक्रवार तक 58603 मे.टन का वितरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है । वर्तमान में 643 मै.टन मात्रा शेष है जिसका वितरण भी लगातार जारी है। जिले की समस्त सेवा सहकारी समितियों पर 80 से 82 प्रतिशत तक उर्वरक की पूर्ति करा दी गई है । जिले में वर्तमान में अभी तक 60 प्रतिशत से अधिक बौनी पूर्ण हो चुकी है । प्रमुख फसलों गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों की बौनी को दृष्टिगत रखते हुये पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। जिसका वितरण जिला प्रशासन की देखरेख में किया जा रहा है । आगामी दिनों में भी लगातार उर्वरक की रैक जिले को प्राप्त हो रही है । किसान भाईयों से अपील है कि वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक का उठाव करें ।

## दीपनाखेड़ा को तहसील बनानें के लिए, 8 पंचायत के जन प्रतिनिधि हुए एकत्रित, बनाई रणनीति



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

दीपनाखेड़ा को तहसील बनाओ अभियान की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें आस पास के पंचायतों के 8 सरपंच एवं इनके प्रीतिनिधि के साथ क्षेत्रवासी शामिल हुए । बैठक मौजूद सभी लोगों ने संकल्प लिया की जब तक दीपना खेड़ा को तहसील नहीं बनेगी और सिरोंज जिला नहीं बनेगा जब तक हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे सभी लोग मिलकर अभियान में बाढ़-चलकर भाग लेंगे और अपनी भूमिका निभाएंगे क्षेत्र के हित के लिए लड़ाई सभी को मिलकर लड़नी होगी तभी हमारी मांग भी पूर्ण हो पाएगी। इस बैठक में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ मंगलवार को कलेक्टर के माध्यम से पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन देने की सहमति बनी। विदिशा में लगभग 15 पंचायतों के वर्तमान सरपंच, पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य, पूर्व जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवम् क्षेत्रवासियो के साथ पहुंच कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

**मेट्रो एंकर** ब्रज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन

# बच्चे बने व्यापारी, छात्रों और लोगों ने उठाया जायकेदार व्यंजनों का लुत्फ





**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

रविवार को ब्रज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेला का आयोजन हुआ इसके चलते स्कूल में भारी चहल पहल रही मनोरंजन का बच्चों और लोगों ने लुफ्त उठाया। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा बाल मेले में सभी तरह की दुकानें लगाई थी जिनमें खाने पीने से लेकर से लेकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेल कूदने मनोरंजन के अलावा आधुनिक और कई तरह के मॉडल भी बनाएं बाल मले में छात्र-छात्राएं ने दुकानदार बनाकर दुकान लगाई और पालक गण ग्राहक बनकर दुकानों पर खरीदने के लिए पहुंचे चटकरेदार सामग्री के व्यंजन भी तैयार किए गए थे जिनका स्वाद चखने के लिए भीड़ लगी रही। इससे पहले सुबह फीता काटकर अतिथियों ने बाल मेला का शुभारंभ किया स्कूल संचालक पंडित पालीवाल ने अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया जिसमे मुख्य अतिथि में अभिभाषक अशोक कुमार निगम, समाजसेवी अरविंद जैन औ एडवोकेट काशीराम रघुवंशी अमर सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे मेले में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकान लगाई गई थी जिसका अतिथियों ने एवं लोगों ने शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया स्कूल संचारक पंडित प्रशांत पालीवाल ने बताया कि बच्चों की प्रतिभाओं को निखरने और उनके मन के अंदर की झिझक को मिटाने के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया इसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर सभी तरह की दुकानें सजाई इनका यह प्रयास सराहनीय है।

### शतरंज: भारतीय खिलाड़ी रच सकते हैं इतिहास

# गुकेश-लिरेन में आज से होगी विश्व चैंपियन बनने की जंग

**सिंगापुर. एजेंसी**



ग्रैंडमास्टर डी गुकेश पर उम्मीदों का बोझ कम है और वह सोमवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बनना होगा। शतरंज जगत के अधिकांश दिग्गज गुकेश का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि यह 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चैंपियन बनने वाला धैर्य दिखा चुका है। अब यह देखना होगा कि वह इस टूर्नामेंट के दौरान बड़े अवसर के दबाव से कैसे निपटते हैं।

# 28 दिसंबर से शुरू होगा हॉकी इंडिया लीग

## 8 फ्रेंचाइजियों की नजरें स्टार खिलाड़ियों पर, हरमनप्रीत पर 78 लाख का दांव

**नई दिल्ली . एजेंसी**

इस साल 28 दिसंबर से शुरू होने वाली हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) के आगामी संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत रविवार से हो गई। दो दिवसीय नीलामी के पहले दिन टूर्नामेंट की सभी आठ फ्रेंचाइजियों ने स्टार खिलाड़ियों पर दांव लगाया। खासतौर पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर सबसे बड़ा दांव 78 लाख रुपए का लगा। हरमनप्रीत को सूरमा हॉकी क्लब ने अपनी टीम में शामिल किया, जो इस टीम के संभावित कप्तान भी होंगे।

**इन भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर बरसा पैसा:** हरमनप्रीत सूरमा 78 लाख, अभिषेक बंगाल टाइगर्स 72 लाख, हार्दिक सिंह यूपी रुद्रांस 70 लाख, जुगराज सिंह बंगाल टाइगर्स 48 लाख, सुमित हैदराबाद तूफान्स 46 लाख, शमशेर सिंह दिल्ली पाइपर्स 42 लाख, जरमनप्रीत सिंह दिल्ली पाइपर्स 38 लाख, कृष्ण पाठक कलिंगा लांसर्स 32 लाख ये लीग युवाओं के लिए फायदेमंद ये लीग युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्हें बड़े मंच पर अनुभवी और विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा।



### मेगा ऑक्शन के पहले दिन कप्तानों की सबसे ज्यादा डिमांड

# 4 कप्तानों पर 83.5 करोड़ खर्च; 44% राशि गेंदबाज ले गए, चहल सबसे महंगे स्पिनर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सऊदी अरब के जेद्दा में जारी आईपीएल मेगा ऑक्शन के पहले दिन कप्तानों का बोलबाला रहा। 4 कप्तान खरीदने के लिए टीमों ने 83.50 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। सभी 10 फ्रेंचाइजी ने 72 खिलाड़ियों पर 467.95 करोड़ रुपए खर्च किए। टीमों को अब 173.55 करोड़ में 132 प्लेयर्स खरीदने हैं। ऑक्शन की 44त्न राशि गेंदबाज ले गए। स्पिनर्स में युजवेंद्र चहल का नाम टॉप पर रहा, लेकिन 11 में से 7 फिरकी गेंदबाज करोड़पति बने। दूसरी ओर तेज गेंदबाजों के लिए टीमों ने खूब पैसे लुटाए, सभी 20 पेसर्स करोड़पति बन गए।

89 फीसदी राशि इंटरनेशनल खिलाड़ियों को पहले दिन 84 खिलाड़ियों पर बोली लगी, 72 बिक गए, जबकि 12 अनसोल्ड रहे। 72 प्लेयर्स में 42 कैप्ड यानी इंटरनेशनल प्लेयर थे, जबकि 30 अनकैप्ड खिलाड़ी रहे। कैप्ड प्लेयर्स पर 414.9 करोड़ रुपए खर्च हुए, यानी एक खिलाड़ी को औसतन 9.87 करोड़ रुपए मिले। दूसरी ओर अनकैप्ड प्लेयर्स की औसत वैल्यू 1.76 करोड़ रुपए ही रही। ऋषभ पंत टॉप कैप्ड प्लेयर रहे, उन्हें 27 करोड़ रुपए में लखनऊ ने खरीदा। जबकि रसिख सलाम टॉप अनकैप्ड प्लेयर रहे, उन्हें 6 करोड़ रुपए में बेंगलुरु ने खरीदा।



13 अनकैप्ड खिलाड़ियों की कीमत 1 करोड़ रुपए को नहीं छू सकी। विदेशी प्लेयर्स को भारतीयों से औसतन 1.74 करोड़ ज्यादा मिले 72 खिलाड़ियों में भारत के 48 और विदेश के 24 प्लेयर्स रहे। भारतीयों पर 284.2 करोड़ रुपए खर्च हुए, यानी एक खिलाड़ी की एवरेज वैल्यू 5.92 करोड़ रुपए रही। विदेशियों पर 183.75 करोड़ रुपए लगे, यानी उनकी एवरेज वैल्यू भारतीयों से 1.74 करोड़ ज्यादा 7.66 करोड़ रुपए रही। जोस बटलर सबसे महंगे विदेशी रहे, उन्हें 15.75 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा।

चहल सबसे महंगे स्पिनर, मालामाल हुए पेसर्स ऑक्शन की करीब 44 फीसदी रकम यानी 204.90 करोड़ रुपए गेंदबाजों पर खर्च हुई। 10 टीमों ने 31 बॉलर्स खरीदे, इनमें 11 स्पिनर और 20 पेसर्स शामिल रहे। स्पिनर्स में युजवेंद्र चहल 18 करोड़ और नूर अहमद 10 करोड़ रुपए में बिके। दोनों के अलावा बाकी स्पिनर्स की कीमत 6 करोड़ रुपए भी नहीं छू सकी। 4 स्पिनर तो 50 लाख रुपए के अंदर ही बिक गए। स्पिनर्स की एवरेज वैल्यू 4.29 करोड़ रुपए रही।

20 पेसर्स के लिए फ्रेंचाइजी ने 157.65 करोड़ रुपए खर्च किए। सभी गेंदबाज करोड़पति बने, यानी पेसर्स की एवरेज वैल्यू 7.88 करोड़ रुपए रही। 18 करोड़ के लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह सबसे महंगे रहे। विदेशियों में ट्रेंट बोल्ट, जोफ्रा आर्चर और जोश हेजलवुड टॉप पर रहे। तीनों को अलग-अलग टीमों ने 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा।

ऑलराउंडर की डिमांड कम रही ऑक्शन में ज्यादातर बार ऑलराउंडर्स पर जमकर पैसा बरसता है, लेकिन जेद्दा में 2 ही ऑलराउंडर 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा सके। इनमें भी वेंकटेश अय्यर के लिए बेंगलुरु और कोलकाता में इंटेंस बिडिंग वॉर हुई, जिस कारण उनकी कीमत 23.75 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। विदेशी ऑलराउंडर्स में मार्कस स्टोयनिस 11 करोड़ रुपए की कीमत के साथ सबसे महंगे रहे।

### पर्थ टेस्ट- भारत जीत से 2 विकेट दूर

# टी-ब्रेक तक ऑस्ट्रेलिया का 8वां विकेट गिरा, सुंदर ने स्टार्क को आउट किया



**पर्थ. एजेंसी**

भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में है। 534 रन चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी-ब्रेक तक 227 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए हैं। एलेक्स कैरी नाबाद हैं। वॉशिंगटन सुंदर ने मिचेल स्टार्क को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। इससे पहले, मिचेल मार्श 47, ट्रैविस हेड 89, स्टीव स्मिथ 17 और उस्मान ख्वाजा 4 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए अब तक जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला। सोमवार को मैच का चौथा दिन है और दूसरा सेशन जारी है। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 12/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। रविवार को मार्नस लाबुशेन 3, कप्तान पैट कमिंस 2 और नाथन मैकस्वीनी शून्य आउट हुए थे। जबकि भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल (161 रन) और विराट कोहली (100*) के शतकों के सहारे अपनी दूसरी पारी पारी 487/6 पर घोषित की थी। इससे ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का टारगेट मिला था। भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई थी। 54वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने भारत को 8वां विकेट दिलाया। उन्होंने मिचेल स्टार्क को शॉर्ट लेग पर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। स्टार्क ने 35 बॉल पर 12 रन बनाए। इसी विकेट के साथ टी-ब्रेक का ऐलान कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया ने 44वें ओवर में 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां मिचेल मार्श 47 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नीतीश रेड्डी ने बोल्ड कर दिया।



## मेट्रो बाजार

# रूस-यूक्रेन जंग से सोना 80,000 के पार, इस हफ्ते 4100 बढ़े दाम

**मुंबई, एजेंसी**




रूस-यूक्रेन तनाव बढ़ने से एक तरफ जहां सोना-चांदी और क्रूड ऑयल में तेजी आई है, वहीं डॉलर के मुकाबले रुपया रसातल में पहुंच गया है। अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप की जीत के बाद डॉलर में आई तेजी से सोने की कीमतों में जो गिरावट आई थी, रूस-यूक्रेन के बीच बढ़े सैन्य संघर्ष ने काफी हद तक उसकी भरपाई कर दी है। रूस-यूक्रेन और और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने बतौर सुरक्षित निवेश विकल्प सोने की मांग में फिर से इजाफा किया है। आइबीजेए के मुताबिक, सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट 10 ग्राम सोना फिर से 80,000 रुपए के पार निकल गया। इस हफ्ते घरेलू बाजार में सोने के दाम 4100 रुपए से अधिक बढ़े हैं, वहीं इस दौरान ग्लोबल बाजार में कीमतें 5.6 फीसदी चढ़ी हैं। एमसीएक्स पर गोल्ड की बेंचमार्क कीमतें फिलहाल 77,631 रुपए पर है, जो 14 नवंबर को 73,300 रुपए प्रति 10 ग्राम तक नीचे चली गई थी। यानी सोने में अब तक 4000 रुपए से अधिक की रिकवरी आई है। हालांकि 30 अक्टूबर के अपने ऑल-टाइम हाई से सोना अभी भी 2,500 रुपए नीचे है। गोल्ड के लिए यह हफ्ता पिछले एक साल का सबसे बेहतर हफ्ता साबित हो सकता है। बीते हफ्ते गोल्ड का प्रदर्शन पिछले 3.5 साल में सबसे खराब रहा और भाव में 4 फीसदी से ज्यादा की नरमी आई थी। विदेशी निवेशकों की ओर से भारतीय शेयरों की बिकवाली, भूराजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया 84.50 प्रति डॉलर तक गिर गया था। लेकिन शेयर बाजार में आई जबरदस्त तेजी से रुपया 6 पैसे चढ़कर 84.44 पर बंद हुआ। डीलरों ने कहा कि अमरीकी फेडरल रिजर्व की भविष्य की दरों को लेकर अनिश्चितता के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव और बढ़ा है। नवंबर में डॉलर के मुकाबले रुपए में 0.5 फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन इसका प्रदर्शन एशिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में बेहतर है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत देगा 4-5 अरब डॉलर का प्रोत्साहन पैकेज!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत सरकार देश में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पुर्जों के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 4 से 5 अरब डॉलर तक का प्रोत्साहन (पीएलआइ) देने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को मजबूत करना और चीन से आयात पर निर्भरता को कम करना है। पिछले 6 साल में भारत का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन दोगुने से ज्यादा बढ़कर 2024 में 115 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसम एपल और सैमसंग जैसी वैश्विक कंपनियों की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ोतरी का बड़ा योगदान है। भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बन गया है। हालांकि, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए भारत अभी भी पुर्जों के लिए चीन-हांगकांग और ताइवान जैसे देशों पर पूरी तरह निर्भर है। सूत्रों के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय की ओर से तैयार की गई योजना के तहत उन पुर्जों की पहचान कर ली गई है, जिन्हें प्रोत्साहन मिलेगा। एक अधिकारी ने बताया कि नई योजना से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड जैसे मुख्य पुर्जों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे घरेलू वैल्यू एडिशन बढ़ेगा और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए स्थानीय सप्लाई चेन मजबूत होगी। अधिकारी ने बताया कि वित्त मंत्रालय जल्द ही इस योजना की अंतिम मंजूरी देगा और इसे अगले 2-3 महीनों में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। इसमें वैश्विक और स्थानीय कंपनियों को 4-5 अरब डॉलर तक का प्रोत्साहन देने की उम्मीद है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**



# मास्टर शेफ रणबीर बरार के हाथों की पंजीरी खाकर नाच उठीं करीना


सर्दियों का मौसम लगते ही रणवीर बरार ने करीना कपूर के लिए पंजीरी बनाकर भेजी है। इस पर बेबो ने खुशी जताई है। अभिनेत्री करीना खाने-पीने के बेहद शौकीन हैं। इस मामले में वे अक्सर कहती हैं कि वे एक टिपिकल पंजाबी की तरह खाना-पीना पसंद करती हैं। हाल ही में मास्टरशेफ और अब अभिनेता बन चुके रणवीर बरार ने उनके लिए तोहफा भेजा। सर्दियों की दस्तक के साथ रणवीर ने अभिनेत्री को अपने हाथों की पंजीरी भेजी। इसे चखकर करीना कपूर नाच उठीं। खुद उन्होंने इसकी खुशी जताई है। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने टिफिन में बड़ी खूबसूरती से रखी पंजीरी की तस्वीर शेयर की है। इसके बराबर में दो मोमबत्ती जल रही हैं। करीना कपूर ने मैसेज लिखा है, मोमबत्ती की रोशनी में सर्दियों की शुरुआत का नजारा। लजीज पंजीरी। इसे देखकर मेरे अंदर का पंजाबी नाच उठा है। बहुत शुक्रिया मास्टर शेफ और अब मास्टर एक्टर...। रणवीर बरार और करीना कपूर ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में साथ काम किया है। हंसल मेहता के निर्देशन में बनी यह क्राइम थ्रिलर फिल्म इसी साल सितंबर में रिलीज हुई। इस फिल्म के जरिए करीना कपूर ने बतौर डेब्यू किया। वहीं, रणवीर बरार ने बतौर अभिनेता इस फिल्म से डेब्यू किया है। वे लोकप्रिय सेलिब्रिटी शेफ हैं। वे मास्टरशेफ इंडिया में बतौर जज भूमिका निभाते देखे गए हैं।

### ओटीटी पर देखें 'द बकिंघम मर्डर्स'

करीना कपूर के अलावा हंसल मेहता ने भी रणवीर बरार की तारीफ की है। हंसल मेहता ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर रणवीर बरार का शुक्रिया अदा किया है। बात करें द बकिंघम मर्डर्स की तो यह फिल्म इस महीने ओटीटी पर आ चुकी है। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। करीना के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वे सिनेमाघरों में लगी सिंघम अगेन में नजर आ रही हैं। हालांकि, फिल्म फ्लॉप साबित हुई है। आगामी फिल्मों का जिक्र करें तो मेघना गुलजार की 'दायरा' उनकी झोली में है।

# शूजित सरकार ने *इरफान खान* को किया याद, बोले- 'वो हिम्मत नहीं हारा था...'

शूजित सरकार ने इफ्फी के 55वें फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक को लेकर बातें कीं। इस बातचीत में उन्होंने इरफान खान को भी याद किया। निर्देशक शूजित सरकार जिन्हें अलग तरह से कहानियां सुनाने के लिए जाना जाता है। 'आई वॉन्ट टू टॉक' तो लेकर कुछ बातें कही हैं। 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (इफ्फी) में उन्होंने अभिषेक को लेकर कुछ बातें की हैं। उन्होंने कम प्रचलित कहानियों को स्क्रीन पर दिखाने में होने वाली परेशानी के बारे में बात की। इसके साथ ही उन्होंने इरफान खान को लेकर भी कुछ बातें की हैं। शूजित सरकार ने आई वॉन्ट टू टॉक को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म धीमे से शुरू होती है। जिन लोगों ने फिल्म देखी है, इस फिल्म से उन्हें तजुर्बा भी मिला है। हालांकि, लोग अब थिएटर जाने की आदत को भूलते जा रहे हैं और ये तथ्य है। मुझे पीआर और मीडिया टीम ने बताया कि ये फिल्म एक दूसरे को बताने से ही आगे बढ़ सकती है। शूजित सरकार ने बताया कि फिल्म पिता पुत्री की कहानी है, जिसमें स्वास्थ्य समस्या और मृत्यु को लेकर मेरा विचार दिखाई देता है। जो लोग अस्पतालों और हेल्थ केयर सेंटर से लोग जुड़े रहते हैं, वे इस फिल्म को समझ पाएंगे। कई बार जिंदगी हमारे ऊपर अजीब सी चीजें फेंक देती है। हमें पता ही नहीं होता कल क्या होगा। शूजित सरकार ने कहा कि मेरा एक दोस्त इन चीजों से गुजरा है, हालांकि ये चीजें उसे तोड़ नहीं पाईं। इरफान खान को कैंसर हुआ। मेरे दोस्त ने उस समय भी अपनी हिम्मत नहीं हारी। इरफान के जाने के बाद मैंने इस फिल्म को बनाने की बात सोच ली थी। ये अलग से इरफान खान की कहानी नहीं है, लेकिन जो भी मानसिक तनाव और शारीरिक तनाव से गुजर रहा है, इस फिल्म को समझ पाएगा। इस बात को बताते हुए वे भावुक भी हो गए।



# मलाइका अरोड़ा ने बताया अपना रिलेशनशिप स्टेटस

अभिनेत्री मलाइका ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर कुछ बात की हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे इन दिनों किस तरह के रिलेशनशिप स्टेटस से गुजर रही हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए किया है। मलाइका ने सोशल मीडिया पर एक फनी पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा कि अभी मेरा स्टेटस क्या है। इसमें तीन विकल्प लिखे थे- इन अ रिलेशनशिप, सिंगल, हेहेहे...मलाइका ने इस पोस्ट पर हेहेहे पर टिक किया। मलाइका का ये इशारा है कि अर्जुन कपूर के साथ अलग हो गई हैं या नहीं। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। ये पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। मलाइका ने लिखा हैप्पी नेस का सीक्रेट यही है कि आप चाहें कितना भी अजीब बन जाओ, गलत लोग पार्टी छोड़ देंगे और सही लोग डांस में शामिल होंगे। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर की जोड़ी को लेकर काफी चर्चा हो चुकी है। शादी तक दोनों की बात पहुंचने के बाद भी दोनों के रिश्ते के खत्म होने की बात चर्चा में रही है। ब्रेकअप के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर फिर बात हो रही है। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में भी रहे थे। अरबाज खान से तलाक देने के बाद से ही मलाइका अरोड़ा खुद से 11 साल छोटे अभिनेता अर्जुन कपूर के प्यार में थीं। मलाइका अरोड़ा अपनी फोटोशूट की तस्वीरों को अक्सर साझा करती रहती हैं। मलाइका की खूबसूरत तस्वीरों पर उनके प्रशंसक प्यार लुटाते हैं।

# गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो



निशातपुरा और गांधी नगर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक लाख रुपये से ज्यादा कीमत का गांजा और वारदात में उपयोग की गई एक बाइक जब्त की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार निशातपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ऐहसान नगर में रहने वाला अज्जू उर्फ अजय बालमीकि बड़ी मात्रा में बाहर से गांजा लेकर आया है, जिसे वह लोकल स्तर पर खपाने वाला है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय के मकान पर दबिश देकर करीब सवा 8 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इसी प्रकार गांधी नगर पुलिस को सूचना मिली कि बाइक सवार एक व्यक्ति बस स्टैंड के पास गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद रात करीब 9 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने बताए गए हुलिए के व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास करीब आधा किलोग्राम गांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने बाइक समेत जब्त कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अयूब खान निवासी गांधी नगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### पहले 3 लोगों से जब्त हुई थी 3 लाख की एमडी

# क्राइम ब्रांच कर रहा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार धरपकड़

भोपाल, दोपहर मेट्रो




क्राइम ब्रांच द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और उसका सेवन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वालों 2 सौदागरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 2 लाख रुपये कीमत की 19।7 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई है। इसके पहले क्राइम ब्रांच की टीम 3 तस्करों से 3 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स जब्त की थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि वह मादक पदार्त कहां से लेकर आए थे और किन लोगों को सप्लाई करने वाले थे। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने मादक पदार्थ की तस्करी, सेवन और परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एमपी नगर स्थित यश बैंक के सामने ग्राउंड पर मौजदू दो युवक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में मौजदू हैं। दोनों युवकों को हुलिया बताते हुए जानकारी दी गई कि उनके पास बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स हो सकती है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस की एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना की गई। टीम ने बताए गए हुलिए के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम साजिद खान उर्फ किट्टू (24) निवासी जावरा फाटक जिला रतलाम और नवेद अली (29) निवासी बोरबन स्कूल के पीछे सीआई कालोनी थाना जहाँगीराबाद भोपाल बताया। तलाशी में बरामद हुआ मादक पदार्थ दोनों युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास सफेद रंग की एयरटाईट पन्नी मिली, जिसके अंदर मटमैला दानेदार पदार्थ रखा था। तस्दीक करने पर यह पदार्थ एमडी ड्रग्स निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त हुए मादक पदार्थ का वजन 19.7 ग्राम और कीमत 2 लाख रुपये बताई गई है।

### आरिफ नगर ओवरब्रिज पर हुआ बीती रात हादसा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को कुचला, तीन लोगों की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित आरिफ नगर ओवरब्रिज पर बीती रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक तीस मीटर के दायरे में अलग-अलग जाकर गिरे। हादसे के बाद एंबुलेंस तीनों को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने एक युवक की मौके पर ही मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोनों साथियों की कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी के शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिए थे। आज पीएम के बाद सभी के शव परिजन को सौंपे गए। पुलिस के अनुसार समीर पिता नजाकत (21) ऐशबाग स्टेडियम में रहता?था। रविवार रात वह अपने अपने दोस्त ऐशबाग स्टेडियम निवासी अल्फियाज पिता वसीम (20) और ऐशबाग स्टेडियम निवासी समीर खान पिता हनीफ खान (21) साल के साथ बाइक से करोंद चौराहा की तरफ से ऐशबाग स्टेडियम लौट रहा?था। तीनों बाइक से आरिफ नगर ओवर ब्रिज पर पहुंचे ही थे कि रात करीब 11 बजे के आसपास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पीछे से टक्कर लगने के कारण तीनों सड़क पर गिरे थे। इस दौरान वाहन ने उन्हें चपेट में भी लिया था।

#### अज्ञात वाहन की तलाश जारी

घटना देर रात की होने के कारण किसी को पता नहीं चल सका कि बाइक सवार युवकों को किसने टक्कर मारी है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

#### तीस मिनट पहले ही टीटी नगर में कॉलेज बस ने स्कूटर सवार को कुचला

इधर, टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गैमन इंडिया मॉल के सामने रविवार रात करीब साढ़े दस बजे कॉलेज बस ने स्कूटर सवार को कॉलेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद बस चालक मौके से भाग निकला। पुलिस के अनुसार बस की चपेट में आए 3-4 अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक का नाम हिर्देश अग्रवाल (40) निवासी लखरापुरा है। वहीं, उसकी घायल बेटी का नाम अनिका (6) है।

पुलिस ने बताया कि हादसे के समय पिता-पुत्री स्कूटी से ग्रीन सिग्नल पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। तभी पीछे से निजी कॉलेज की तेज रफ्तार बस ने स्कूटर को टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिता बस के पहियों के नीचे आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। बेटी सड़क पर बाहर की तरफ गिरी थी और उसकी जान बच गई। हालांकि उसे गंभीर चोट आई है।

## देहात पुलिस के हत्थे चढ़े अवैध शराब तस्कर

**भोपाल।** भोपाल देहात के कई थानों में पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार बिलखिरिया पुलिस ने कोकता इलाके से माखन से 1400 रुपये और शांति नगर में विजय मीना से 1100 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। सूखी सेवनिया पुलिस ने इमलिया चौराहे के पास प्रकाश सिंह से 1520 रुपए, परवलिया पुलिस ने ग्राम कुराना में बृजमोहन वंशकार से 1260 रुपए और मुबारकपुर के पास मोहित देशमुख से 1260 रुपए की शराब जब्त की है। बैरसिया पुलिस ने ग्राम भैंसोदा से संतोष कुशवाह, ग्राम करणपुरा से जगदीश गुर्जर और भैंसोदा से विक्रम सिंह मेहर से कुल साढ़े सात हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की है। ग्राम धमर्रा गुनगा से विपत सिंह अहिरवार से 1520 रुपए, ग्राम डोबरा ईंटखेड़ी में बंटी सोलंकी से 1260 रुपए, नजीराबाद पुलिस ने ग्राम सिंधोड़ा में भारत सिंह राजपूत से 2200 रुपए और ग्राम बेरावल में मदनलाल कलावत से 1440 रुपए की अवैध शराब जब्त की है।

## पत्नी से कहासुनी पति ने ट्रेन से कट कर दी जान



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र पैलेश के पीछे रेलवे ट्रैक पर रविवार शाम एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शाहपुरा में रहता था और पत्नी से कहासुनी होने के बाद घर से उसने दौड़ लगा दी थी। उसका भाई?भी उसके पीछे पहुंचा, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार भगवान सिंह पिता स्वर्गीय गणपत सिंह (46) शाहपुरा में रहता था और मजदूरी करता था। रविवार शाम उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर विवाद होने लगा। विवाद के बाद गुस्से में उसने घर से दौड़ लगा दी। वह सुरेंद्र पैलेश की पीछे रेलवे ट्रैक की तरफ दौड़कर आया और ट्रेन से सामने कूदकर जान दे दी। मृतक के भाई अशोक ठाकुर ने बताया कि उसके सामने ही भाई ने ट्रेन से कटकर जान दी है। वह भाई को रोकने का प्रयास करता रहा, लेकिन वह नहीं माना वह तेजी से दौड़कर आया और ट्रेन के सामने कूद गया। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# भीख मंगवाने के लिए महिला ने चुराया 2 साल का बच्चा, पुलिस ने बारह घंटे में बरामद किया

भोपाल, दोपहर मेट्रो



राजधानी के मंगलवारा इलाके में भीख मंगवाने के लिए एक महिला ने 2 साल के मासूम बच्चे को चुरा लिया। सूचना के बाद तलाश में जुटी पुलिस ने करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चा चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले महिला ने और कितने बच्चों की चोरी की है, इसको लेकर पूछताछ की जा रही है। हनुमानगंज एसीपी राकेश सिंह बघेल ने बताया कि इलाके में रहने वाली एक महिला भीख मांगने का काम करती है, जबकि उसका पति मजदूरी करता है। दंपति की दो बेटियां और 2 साल 2 महीने का एक बालक है। शुक्रवार को महिला अपने तीनों बच्चों को लेकर भीख मांगने के लिए निकली थी। दोपहर करीब 12 बजे वह हमीदिया रोड स्थित जमजम होटल के पास सड़क किनारे लगे ठेले पर फुलकी खाने लगी। इस दौरान उसने बच्चे को गोदी से उतारकर पास ही जमीन पर बिठा दिया था। फुलकी खाने के बाद महिला ने देखा तो उसका बच्चा गायब हो चुका था। डर के कारण घर नहीं गई महिला महिला अपनी दोनों बच्चियों को लेकर मासूम बच्चे की तलाश करने लगी। वह छोटा तालाब, रेतघाट और जहांगीराबाद समेत कई इलाकों में बच्चे की तलाश में पहुंची, लेकिन बच्चा नहीं मिला। पति के डर के कारण वह रात को घर भी नहीं गई। अगले दिन भी जब बच्चा नहीं मिला तो सुबह करीब ग्यारह बजे महिला ने घर पहुंचकर पति को घटना की जानकारी दी। उसके बाद पति के साथ मिलकर बच्ची की तलाश शुरू की। रात करीब ग्यारह बजे तक जब बच्चा नहीं मिला तो दंपति ने मंगलवारा थाने जाकर बच्चे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। बच्चे की तलाश में लगाई गई टीमें एसीपी बघेल ने बताया कि बच्चे की तलाश में अलग-अलग टीमें लगाई गई थी। घटनास्थल पर रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने और करीब बारह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को पुरानी जेल के पीछे वाली रोड पर शायदा बी नामक महिला के पास से बरामद किया गया। यह महिला श्यामला हिल्स इलाके में रहती है और भीख मांगने का काम करती है। पूछताछ के दौरान शायदा बी ने बताया कि वह दो साल के बच्चे पर काफी दिनों से नजर रखे हुई थी। शुक्रवार को मौका मिलते ही उसने बच्चे को चुरा लिया था। उसने बच्चे को भीख मंगवाने के लिए चोरी किया था। रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। उससे यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पहले वह कितने बच्चों को इस प्रकार से चोरी कर चुकी है। महिला किसी बच्चा चोर गिरोह से जुड़ी हुई है या नहीं, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## 9 पुलिस अधिकारियों के तबादले, भलावी राजभवन में

**भोपाल।** राज्य शासन ने नौ पुलिस अधीक्षकों के स्थानांतरण कर दिए हैं। इनमें एसीपी इंदौर नंदिनी शर्मा को डीएसपी, ईओडब्ल्यू इंदौर बनाया गया है। इसी तरह, दिनेश कुमार प्रजापति को पुलिस मुख्यालय भोपाल से एसडीओपी, सीतामऊ मंदसौर पदस्थ किया गया है।विश्वदीप सिंह को सहायक सेनानी प्रथम वाहिनी बिसबल इंदौर से एसडीओपी सरदारपुर धार बनाया गया है। इसके अलावा, शिवेन्दु जोशी को एसीपी आसूचना इंदौर से एसीपी अन्नपूर्णा इंदौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निकिता सिंह को एसडीओपी मंदसौर से डीएसपी महिला सुरक्षा नीमच नियुक्त किया गया है। किशोर पाटनवाला को डीएसपी सीआइडी पुलिस मुख्यालय भोपाल से डीएसपी रतलाम के रूप में तैनात किया गया है।आशुतोष पटेल को एसडीओपी धार से एसीपी अपराध इंदौर की जिम्मेदारी दी गई है। इंद्रजीत सिंह चावड़ा को सहायक सेनानी राजभवन सुरक्षा से डीएसपी पुलिस मुख्यालय भोपाल नियुक्त किया गया। अभिलाष कुमार भलावी को एसडीओपी रतलाम से सहायक सेनानी राजभवन सुरक्षा पदस्थ किया है।

# 41.40 लाख की 154 ग्राम ब्राउन शुगर और 53 ग्राम एमडी जब्त







भोपाल, दोपहर मेट्रो

#### एमडी के साथ 2 सौदागर चढ़े पुलिस के हत्थे

प्रदेश को अवैध नशामुक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस व्यापक स्तर पर लगातार कार्रवाही कर रही है। डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देशन में गठित टीम ने अलग-अलग कार्रवाही में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने एवं इसमें लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पहली कार्यवाही में 23 नवम्बर को निरीक्षक प्रवीण ठाकरे ने मुखबिर की सूचना पर राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के ग्राम देवलड़ी निवासी फराज खान (24) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 30 लाख 80 हजार रुपये की 154 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ ही एक पिस्टल भी बरामद की गई। उसके खिलाफ नारकोटिक्स थाने इंदौर में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही में रविवार को उप निरीक्षक सीमा मिमरोट को मुखबिर से भोपाल के बाग फरहत अफजा, ऐशबाग क्षेत्र के दो व्यक्तियों के पास अवैध मादक पदार्थ होने की सूचना मिली। टीम ने दोनों आरोपियों मोहसिन (29) और आसिफ खान (39) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 लाख 60 हजार रुपये की 53 ग्राम एमडी जप्त की है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकार पुलिस ने दोनों ही कार्यवाहियों में 41.40 लाख रुपए की 154 ग्राम ब्राउन शुगर, 53 ग्राम एमडी और एक पिस्टल जप्त की है।

## इज्तिमा में 25 हजार वालेंटियर्स, इस बार प्लास्टिक फ्री होगा

**भोपाल।** ईंटखेड़ी 29 नवंबर से शुरू होने वाले आलमी तब्लीगी इज्तिमा में इस बार सौ एक? क्षेत्र में पंडाल लगाया गया है, जहां प्रदेश सहित देशभर से आने वाली जमातों को ठहराया जाएगा। भारी तादाद में आने वाले वाहनों को व्यवस्थित खड़े करने और ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए दो हजार वालेंटियर्स तैयार किए गए हैं। इन वालेंटियर्स की अलग-अलग जगहों पर तैनाती की जाएगी। यह वालेंटियर्स रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक का संचालन करेंगे। इधर, इज्तिमा स्थल पर अलग-अलग कामों के लिए 25 हजार वालेंटियर्स को तैनात किया जा रहा है। इस बार इज्तिमा में शिरकत के लिए अमेरिका, इंग्लैंड, तुर्की सहित 100 से अधिक देशों की जमातों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रशासन ने इज्तिमा की तैयारियां दो महीने पहले शुरू कर दी थीं। पिछले साल हुए इज्तिमा को क्लीन, ग्रीन और डस्ट मुक्त इज्तिमा का नाम दिया गया था। इस बार इसे प्लास्टिक मुक्त इज्तिमा के नाम से जाना जाएगा। इंतेजामिया कमेटी के प्रवक्ता उमर हफीज खान ने बताया कि इस बार इज्तिमागाह पर धूल वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव किया जाएगा।

# युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो

एक महिला के साथ पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय महिला गृहणी है। उसकी ससुराल के पड़ोस में रहने वाले अभिषेक नामक युवक से उसका परिचय था। पिछले दिनों महिला अपने मायके आई थी। इस दौरान अभिषेक भी उसके गांव पहुंचा और घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला।


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतमनगर भोपाल

फोन नं. 0755-2730830 E-mail psgautamnagar@gmail.com
क्रं./थाप्र./गौतमनगर/गुमइंसान क्र. 62/2024
दिनाँक 21/11/2024

### जाहिर सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूचक निर्दोष कुमार पिता लीलाधर कहार उम्र 40 साल निवासी मं.नं.34 पूर्वी निशातपुरा बैरसिया रोड़ गौतमनगर भोपाल कि रिपोर्ट पर थाना गौतमनगर मे गुम इंसान क्रमांक 62/24 कायम कर जांच मे लिया गया जिसमें गुमशुदा बबीता कहार पिता लीलाधर कहार उम्र 34 साल निवासी सदर अपने घर से बिना बताये कहीं चली गई जो अभी तक घर वापस नहीं आई जिसका हुलिया रंग गोरा, चेहरा लम्बा, कद करीबन 5 फिट 2 इंच लगभग, बाल काले, सलवार सूट पहने है तथा पैरो मे सैन्डल पहने हुए है जिसकी तलाश की जा रही है जिसका अभी तक पता नही चल पाया है।

अतः बबीता कहार पिता लीलाधर कहार उम्र 34 साल निवासी मं.नं.34 पूर्वी निशातपुरा बैरसिया रोड़ गौतमनगर भोपाल के संबंध मे कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना गौतमनगर भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755- 2730830 व जांचकर्ता सउनि. गणेश डेहरिया के मो. नं. 9424473919 पर सूचित करें।

G- 19371/24 थाना प्रभारी, थाना गौतमनगर, भोपाल


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022